# भय नहीं उत्साह चाहिए, देश को भामाशाह चाहिए: मंत्री नन्दी

## मंत्री नन्दी ने सर्वोच्च राजस्व देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज । इतिहास में महाराणा प्रताप की वीरता, शौर्य और पराक्रम का उल्लेख भामाशाह की दानवीरता, देशभक्ति और निष्ठा की चर्चा के बिना अधूरा है। दोनों महापुरुषों का एक दूसरे के प्रति आदर भाव, मित्रता, विश्वसनीयता और समर्पण एक ऐतिहासिक मिसाल है। यह बात शनिवार को जिला पंचायत परिसर में आयोजित भामाशाह सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कही।भारत माँ के सच्चे सपूत, परम देश भक्त, महादानी और श्रद्धेय भामाशाह को नमन करते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि कोई भी देश अथवा समाज दीर्घकालीन तभी हो सकता है, जब वह अपने अतीत और पुरखों का सम्मान करता है। भारत का इतिहास स्वर्णिम और गौरवशाली रहा है।हमारे पुरखों ने धर्म, संस्कृति, संस्कार और राष्ट्र की रक्षा को सदैव सर्वोच्च महत्त्व दिया। ऐसे समय में जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था तब उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देने में भी संकोच नहीं किया। आज उन्ही बलिदानों की नींव पर एक सशक्त, समृद्ध और स्वतंत्र भारत खड़ा है। हमारे पूर्वजों का त्याग, बलिदान, पराक्रम और संघर्ष ही आज हमारे अस्तित्व का कारण है।भारत माता के महान सपूत, दानवीर भामाशाह जी की जयंती की पूर्व संध्या पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।दानवीर भामाशाह जी की जयंती के उपलक्ष्य में जनपद के 232 विद्यालयों में आयोजित निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया । इस अवसर पर मंत्री ने जिला पंचायत परिसर में क्षेत्रीय अभिलेखागार (संस्कृति विभाग) के द्वारा दानवीर भामाशाह के जीवन यात्रा पर आधारित चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी व उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों का अवलोकन भी किया गया।मंत्री नन्दी ने व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर सर्वोच्च राजस्व देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। जिनमें रवि पटेल डिप्टी फाइनेंस कैंट्रोलर मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे, डीएम सक्सेना डिप्टी फाइनेंस मैनेजर प्रिज्म जानसन सीमेंट लिमिटेड, वंश गुलाटी डॉयरेक्टर यूनाइटेड आटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, अमित अग्रवाल डॉयरेक्टर जीपी मोटर्स, वीरेंद्र प्रकाश मैनेजर जेके सीमेंट लिमिटेड, चीफ ऑफ सिविल डिफेंस प्रयागराज अनित कुमार गुप्ता अन्नू भैया शामिल रहे।जिला पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में सेंट एंथोनी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित नाटक का मंचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कला संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकगायन प्रस्तुत किया। संस्कृति विभाग के वयोवृद्ध कलाकार ब्रम्हदीन यादव के द्वारा लोकगायन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, अपर आयुक्त जीएसटी राजेश पाण्डेय, अपर आयुक्त जीएसटी दीनानाथ, संयुक्त आयुक्त जीएसटी अच्छे लाल विश्वकर्मा, संयुक्त आयुक्त जीएसटी नरेंद्र कुमार, शमशेर यमदग्नि प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज एवं अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

## डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ के एक्शन से माफियाओं में हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। जिले में अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने शुक्रवार को तहसील करछना के ग्राम सुलमई में राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मिलकर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कलेक्टर के इस एक्शन से पूरे जिले के राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।कहते हैं अगर कलेक्टर ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। प्रयागराज के कलेक्टर रविंद्र कुमार मांदड़ ने यह बात अपने तेज़ और पारदर्शी काम से साबित कर दी है। सोशल मीडिया पर, खासकर ट्विटर के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों को भी वह खुद संज्ञान में ले रहे हैं और त्वरित कार्रवाई का आदेश देकर उसका निस्तारण भी करवा रहे हैं। कार्रवाई पूरी होने के बाद कलेक्टर स्वयं ट्वीट कर जनता को अपडेट भी दे रहे हैं, ताकि लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके।कलेक्टर मांदड़ के इस सक्रिय रवैये की जिले भर में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज को एक ईमानदार और दमदार आईएएस अधिकारी दिया है, जो जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और जिम्मेदार हैं।प्रयागराज में लंबे समय से चल रहे अवैध कब्जों और भू-माफिया के खिलाफ अब प्रशासन ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर के इस एक्शन से माफियाओं में खलबली मची हुई है और अब जिले के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इसी तरह से जिले की अन्य विवादित और अतिक्रमण की शिकार भूमि को भी जल्द मुक्त कराया जाएगा।

### थाना समाधान दिवस कोरांव मे एसडीएम ने सुनीं फरियाद



कोरांव, प्रयागराज। शनिवार को थाना समाधान दिवस कोरांव में एसडीएम आकांक्षा सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करने का आदेश दिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि फरियादियों को न्याय मिले और उन्हें बार-बार तहसील और थाना के चक्कर न काटने पड़ें। इस अवसर पर अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन



कोरांव, प्रयागराज। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने तहसील कोरांव में धरना दिया और उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह को को ज्ञापन सौंपा। धरने का कारण सर्वोदय मंडल बरनपुर के 632 बीघा जमीन पर कब्जेदारी का विवाद है, जो काफी वर्षों से चल रहा है। संगठन ने न्यायहित में मांग की है और एसीपी मेजा संत प्रसाद उपध्याय भी मौके पर मौजूद थे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर महुली केंद्र का अधीक्षक ने किया निरीक्षण



कोराव, प्रयागराज। शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आवाम स्वास्थ्य उपकेंद्र महुली में क्वालिटी इंकवॉश का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में डॉ. विकास बिहार, डॉ. प्रदीप चौधरी जयपुर से और डॉ. राजेश डॉ विकास सेंदु विक्रम प्रयागराज समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अतुल कुमार वर्मा, एनम साधन शर्मा, सीएचसी कोरांव के अधीक्षक डॉ. के.बी. सिंह, ग्राम प्रधान पति मुरारी लाल मौर्या ए आर ओ पुष्पा सिंह, बीपीएम रजनीश मिश्र सी एच ओ एनम आशा संगीनी और अन्य अधिकारी, एएनएम, आशा और ग्रामीण लोग मौजूद थे। यह आयुष्मान केंद्र कोरांव ब्लाक के अंतर्गत आता है(

### रेलवे ने प्रयागराज रामबाग–मुजफ्फरपुर बापूधाम एक्सप्रेस का प्रयागराज तक किया विस्तार

प्रयागराज। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने गाड़ी संख्या 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर बापूधाम एक्सप्रेस का विस्तार प्रयागराज जंक्शन तक करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 30 जून 2025 से मुजफ्फरपुर से और 02 जुलाई 2025 से प्रयागराज से प्रभावी होगी।गाड़ी संख्या 12538 अब प्रयागराज से मुजफ्फरपुर तक चलेगी। यह गाड़ी सोमवार और बुधवार को सुबह 04:45 बजे प्रयागराज से प्रस्थान करेगी और 05:05 बजे प्रयागराज रामबाग स्टेशन से रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 12537 मुजफ्फरपुर से सोमवार और बुधवार को शाम 19:30 बजे चलेगी और अगले दिन मंगलवार और गुरुवार को सुबह 08:55 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर यह गाड़ी सुबह 08:25 से 08:30 बजे तक रुकेगी। यह सेवा सप्ताह में दो दिन उपलब्ध रहेगी।रेलवे ने यह भी सूचित किया है कि इस गाड़ी का नया नंबर 14112 (प्रयागराज-मुजफ्फरपुर) और 14111 (मुजफ्फरपुर-प्रयागराज) होगा, जो 01 सितंबर 2025 से लागू होंगे।उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि कान्त त्रिपाठी ने बताया कि इस विस्तार से प्रयागराज और आसपास के यात्रियों को सीधी ट्रेन सेवा का लाभ मिलेगा। रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार सेवाओं का विस्तार कर रहा है।

### सिनर्जी संस्था ने स्वस्थ पर किया जागरूक

लखनऊ। गोसाईं गंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रहमत नगर, कबीरपुर, मोज्जमनगर, कांजी खेड़ा गांव में सिनर्जी संस्था द्वारा सर्वाइकल कैंसर के प्रति जन-जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण समुदाय को सरल और प्रभावशाली तरीके से सर्वाइकल कैंसर के विषय में जानकारी दी गई। कलाकारों ने प्रभावशाली संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन रोके जाने योग्य बीमारी है, जिसके बारे में समाज में खुलकर बात की जानी चाहिए।नाटक के दौरान विशेष रूप से।सर्वाइकल कैंसर क्या है?इसके प्रमुख लक्षण क्या होते हैं?तथा इससे बचाव के उपाय एवं नियमित जांच की आवश्यकता पर बल दिया गया।कार्यक्रम में , आशा कार्यकर्ता, एवम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, समस्त सम्मानित ग्रामवासी एवं सिनर्जी संस्था की टीम से सरिता दुबे, आदित्य मिश्रा, अरविन्द कुमार एवं सुनील नायर (पीसी.) जी, सहित कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी गठित

प्रयागराज । पिछड़ी जातियों की गोलबंदी करने का प्रयास कांग्रेस पार्टी बीते कुछ वर्षो से कर रही है। इसकी झलक शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में देखने को मिली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परवेज अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 61 सदस्यीय इस सूची में कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, प्रवक्ता और सचिव पद के नामों की घोषणा की गई है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी की गई कार्यकारिणी में मोहम्मद सरताज कोषाध्यक्ष, मानस शुक्ला, प्रतिमा त्रिपाठी सहित आठ सदस्यों को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं दीपचंद्र शर्मा, हर्षिता अरोड़ा सहित 19 कांग्रेसियों को महासचिव चुना गया है। इसके अलावा प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी हसीब अहमद को दूसरी बार दी गई है। साथ ही 22 कार्यकर्ताओं को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने बताया कि शहर कार्यकारिणी में सामाजिक न्याय की झलक दिखेगी। इसके लिए करीब 60 फीसदी पिछड़े वर्ग के पदाधिकारी, जबकि 20 फीसदी महिलाओं की भागीदारी रखी गई है। शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित होने पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, लोकसभा सांसद उज्ज्वल रमण सिंह, प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों को बधाई दी है।

## थाना समाधान दिवस पर डीसीपी अभिषेक भारती ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने सिविल लाइंस थाना पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइंस भी मौजूद रहे। डीसीपी ने सभी अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।मीडिया से बातचीत में डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि आगामी मोहर्रम का पर्व 26 जून से 6 जुलाई तक मनाया जाएगा। नगर जोन के सभी थानों में पीस कमेटी की बैठकें पूरी कर ली गई हैं। त्योहार के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अति संवेदनशील थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।डीसीपी ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। थाना समाधान दिवस पर जनता से संवाद कर पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान पूरी गंभीरता से किया जाएगा।

## उप्र एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार किया पचास हजार का इनामी अपराधी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई ने शनिवार को पचास के इनामी अपराधी को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ प्रतापगढ़ जनपद के मांधाता थाने में दुष्कर्म समेत कुल छह आपराधिक मुकदमे दर्ज है। यह जानकारी एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई के पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित प्रतापगढ़ जनपद के मांधाता थाना क्षेत्र के कलानी गांव निवासी कुलदीप पुत्र श्याम सुन्दर है। हालांकि वर्तमान थाना देल्हूपुर है। जबकि वह वर्तमान में प्रयागराज जनपद के मऊआइमा थाना क्षेत्र के बागी सराय केशव गांव में रह रहा है। इसके खिलाफ प्रतापगढ़ के मांधाता थाने में दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में वर्ष 2021 में मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद से वह फरार था। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी। हालांकि इसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था।अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई के निरीक्षक जय प्रकाश राय की देखरेख में मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक रणेन्द्र कुमार सिंह और उनका हमराही अमित राय समेत पूरी टीम हरियाणा के गुरूग्राम पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ मांधाता में दर्ज मुकदमे से संबंधित जानकारी लेते हुए प्रतापगढ़ ले जाकर मांधाता थाने में दाखिल किया।

## जिलाधिकारी ने अत्याधुनिक संगम सभागार का किया लोकार्पण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। महाकुंभ-2025 की तैयारियों के तहत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संगम सभागार के सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। दीप प्रज्ज्वलन, मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के साथ फीता काटकर सभागार का उद्घाटन किया गया।यह सभागार ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा 105.49 लाख रुपये (जीएसटी सहित) की लागत से बनाया गया है। परियोजना के तहत पुराने सभागार का पूरी तरह नवीनीकरण किया गया है। इसमें नया फर्श, टाइलिंग, नई सेंटर टेबल, कुर्सियां, कैसेट एसी, वॉल पैनलिंग, किचन, शौचालय की मरम्मत और विद्युत कार्य शामिल हैं।अधिशासी अभियंता सत्य प्रकाश मिश्र ने बताया कि पुराने दरवाजे-खिड़कियां हटाकर नए दरवाजे, इलेक्ट्रिक लाइट फिटिंग, पीटीजेड कैमरा, वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए वाई-फाई युक्त 6 टीबी सेट, 50 माइक सिस्टम, आधुनिक टेबल और खिड़कियों पर ब्लेंडिंग पर्दे लगाए गए हैं।कलेक्ट्रेट परिसर में अब यह सभागार महाकुंभ-2025 समेत सभी महत्वपूर्ण बैठकों, वीडियो कांफ्रेंस और सरकारी कार्यक्रमों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज के लिए यह सुविधा समय की जरूरत है जो प्रशासनिक कार्यों को और प्रभावी और सुलभ बनाएगी।

## एक पेड़ माँ के नाम'': जनसहभागिता से जुलाई में होगा पौधरोपण का महायज्ञ

### एक दिन में प्रदेश की आबादी से अधिक पौधे लगाने का संकल्प, जुलाई में चलेगा पौधरोपण महा अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उच्च स्तरीय बैठक में तैयारियों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। वृक्षारोपण महाभियान- 2025 का लोगो जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हम एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।ल्लएक पेड़ माँ के नामङ्क थीम पर आधारित इस वृक्षारोपण महा अभियान में हमारा सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है, जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है।मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को ल्लग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेटङ्क प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए। यह प्रयास पर्यावरणीय चेतना को व्यक्तिगत जीवन से जोड़ने का अभिनव प्रयोग होगा, जिसमें पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी उसी भावना से निभाई जाएगी जैसी किसी नवजात की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पहल को अभियान का भावनात्मक आधार बनाया जाए और इसकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार वन महोत्सव में कुल 35 करोड़ पौधे रोपे जाने हैं, जो उत्तर प्रदेश की कुल आबादी से भी अधिक होगी। उन्होंने इसे एक बड़ा पर्यावरणीय आयोजन बताते हुए कहा कि इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए और 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जाए।

### अल्पसंख्यकों का पैग़ाम, मोदी के साथ मुसलमान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे तरुण चुग

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को केन्द्र की मोदी सरकार में गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 'अल्पसंख्यकों का पैग़ाम, मोदी के साथ मुसलमान' नामक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग संबोधित करेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुँवर बासित अली ने बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय अटल बिहारी बाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और विकसित भारत संकल्प सभा को मुख्य वक्ता के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख भी संबोधित करेंगे।

### सेना में नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने वाला कथित कर्नल गिरफ्तार

लखनऊ । यूपी एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार देररात को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वह लोगों को भारतीय सेना में खुद को कर्नल बताकर नौकरी दिलाने के नाम ठगी करता था।पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि टीम ने आरोपित मुजफ्फरनगर निवासी राहुल को सीतापुर के नरायननगर से पकड़ा है। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकारा कि उसने खुद को कर्नल बताकर कई बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। एसटीएफ ने अग्रिम कार्रवाई के लिए अभियुक्त को सीतापुर पुलिस को सुपुर्द किया है।

### सोशल मीडिया के जरिए टॉस्क देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ । यूपी एसटीएफ की टीम ने संगठित गिरोह के मास्टर माइंड समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह टेलीग्राम, फ़ेसबुक के जरिए टॉस्क देकर उसे पूरा करने पर रिवार्ड के रूप में धन दोगुना करने का लालच देकर फर्जी बैंक खातों में रुपये जमा कराकर ठगी करते हैं।एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि तीन लोगों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। शिवांश मिश्रा और रवि सिंह मित्र हैं और वर्तमान में भोपाल से भाभा यूनिवर्सिटी से बीफार्मा कर रहे हैं। साल 2023 में भोपाल आईजीटी सैल्युशन के काल सेंटर में नौकरी की थी। वहीं, उनकी मुलाकात जुबेर खान से हुई और उसने उन दोनों को सैफ खान से मिलवाया। सैफ ने अनिल नायक से मुलाकात करायी, जो बैंक खाते किराये पर लेता था। प्रतिकिट 15 हजार रुपये और बैंक खातों में जो रुपये आते उसका कमीशन उन्हें देता था। इस पर दोनों अपने मामा उमाशंकर के साथ मिलकर फर्जी खाता खुलवाने लगे। हम लोगों ने 50 बैंक खाते पिछले वर्ष अमित और अनिल को उपलब्ध कराया है। हम लोग पैसे का लालच पाकर यह काम करते हैं। शिवांश के मामा उमाशंकर ने भी कहा कि भांजे के कहने पर ही बैंक खाता खुलवाकर उसकी पूरी किट उसे उपलब्ध कराता था।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन: Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway | |
| नीलामी सूचि सं. | MPS-BSB-2025 |
| कार्य का विवरण: Allotment of Multi-Purpose Stall at Varanasi Station of Lucknow Division for a period of five (05) years. | |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.07.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 11.07.2025 at 10:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of www.ireps.gov.in 1955/2025 | |

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन की पदाधिकारियों की बैठक गोमतीनगर में मैट्रोपोलिटन क्लब लखनऊ में ईकाई अध्यक्ष अभिषेक मंसानी और वरिष्ठ महामंत्री जिम्मी गर्ग की ओर से की गई।आयोजन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने की । इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिषेक मंसानी द्वारा प्रमुख बड़ी कम्पनियों द्वारा नानट्रेड को नियंत्रित करने तथा बाजार में रिटेलरों द्वारा डीलर्स के पैसे रोककर दूसरे डीलर्स या कम्पनी से काम करने वालों को पहचान कर उनकी सूची साझा कर, उनसे रुके हुए पैसे पेमेंट करने का आग्रह करने और नहीं मानने पर उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव रखा गया।जिम्मी गर्ग ने इधर समाचारों में निकल रही नकली सीमेंट पर ध्यान देने का प्रस्ताव दिया तथा एक प्रतिशत के सीमेंट व्यापार में लाभ पर अठ्ठाईस प्रतिशत जीएसटी तथा तैंतीस प्रतिशत आयकर की लागू देयता से व्यापार की परेशानी साझा किया । इसमें सभी लोगों के विचारों से अवगत होकर प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने जीएसटी विभाग में बराबर संघ के पत्राचार की जानकारी दी। लेकिन सरकार ने वायदा करके भी अभी तक सीमेंट को अठारह प्रतिशत में नहीं होने पर निराश होते हुए भी यह लड़ाई जारी रखने का वादा करते हुए कहा कि कम्पनियों द्वारा रैक पर कटी फटी और डैमेज सीमेंट बेची जाती है ।उसे लेने वाले उस सीमेंट को पुनः रीपैकेजिंग करके बेचने में लगे हैं। यह बात बेचने वाली सभी कम्पनियों को यह मालूम है ।इसीलिए कम्पनियों द्वारा उन्हें पकड़ लिए जाने पर भी कोई कदम नहीं उठाया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कम्पनियों से इस पर कार्रवाई करने हेतु आग्रह किया जायेगा तथा नानट्रेड माल जिस पर अब कम्पनियों को पहले की तरह कोई छूट नहीं मिलती है और अपने वाल्यूम को ट्रेड तथा नानट्रेड मिलाकर ऊपर भेजते हैं तो हर डीलर्स को जितना ट्रेड वो कर रहा है उसे उतना नानट्रेड सीधे साइडों पर बिक्री हेतु दिया जाये और खाते पर उसके वाल्यूम जोड़ा जाये जिससे डीलर्स को भी बिल्डर्स और टायल कम्पनियों से पहले की तरह बिक्री

**रिटेलरों द्वारा डीलर्स के पैसे रोक दूसरे डीलर या कंपनी से काम करने वालों की पहचान पर हुआ विचार**

करने का अवसर मिले तथा पैसे रोकने वाले रिटेलरों की लिस्ट साझा होने के बाद उनके प्रतिष्ठान पर जाकर समस्या समाधान हेतु प्रयास किया जाएगा। आकाश ट्रेडर्स के मामले में एसीसी कम्पनी द्वारा एसोसिएशन के आग्रह पर सकारात्मक सहयोग के लिए कम्पनी को सभी डीलर्स के साथ धन्यवाद किया गया। बैठक में श्याममुर्ति गुप्ता सहित जिमी गर्ग, आकाश हुजा, के. एम. गिरी, मनीष लड़कानी (मोदी), मनोज सिंह, अर्पित जैन, अभिषेक मंसानी, मनीष यादव, जीवन जोत सिंह , मुदस्सर भाई, ज्ञानेंद्र अवस्थी, मयंक अग्रवाल, निर्मल गुप्ता, भास्कर गुप्ता, प्रवीण खंडेलवाल, कमल अग्रवाल, विशाल सचान, दीपक सिंघल, मनीष अग्रवाल, विजय साहू, प्रवीण खंडेलवाल उपस्थित रहे।

# शताब्दी वर्ष की तैयारी में जुटा संघ,डा.कृष्ण गोपाल समेत संघ के कई शीर्ष पदाधिकारी पहुंचे लखनऊ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष की तैयारी में जुट गया है। जुलाई माह में श्रीगुरू दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न कराने के बाद संघ शताब्दी वर्ष की तैयारी में पूरी शक्ति लगायेगा। आगामी शताब्दी वर्ष के तहत निर्धारित विविध कार्यक्रमों की योजना व क्रियान्वयन का स्वरूप क्या होगा। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की बैठक सरस्वती कुंज निरालानगर में चल रही है। इस बीच जिला प्रचारकों व विभाग प्रचारकों की बैठक संपन्न हो चुकी है। संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी बैठक कर लखनऊ से प्रस्थान कर चुके हैं। शनिवार को प्रान्त टोली व क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक प्रस्तावित है।

इस बैठक में शताब्दी वर्ष में पूर्वी उत्तर प्रदेश में होने वाले विविध कार्यक्रमों की योजना पर अंतिम मुहर लगेगी। सह सरकार्यवाह डा.कृष्ण गोपाल,अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर व अखिल भारतीय सेवा प्रमुख पराग अभ्यंकर शनिवार को अलग–अलग सत्रों में बैठक लेंगे। संघ के यह सभी पदाधिकारी शुक्रवार से ही लखनऊ में हैं। वह अपने–अपने कार्य विभागों की बैठक भी कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल के आज लखनऊ पहुंचने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल,अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल,काशी के प्रान्त प्रचारक रमेश,कानपुर के प्रान्त प्रचारक श्रीराम और गोरक्ष प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश समेत चारों प्रान्तों की प्रान्त टोली और पूर्वी उत्तर प्रदेश की क्षेत्र कार्यकारिणी के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। नगर स्तर पर निकाला जायेगा पथ संचलन संघ शताब्दी वर्ष ( 2025-26) के कार्यक्रम आगामी विजयादशमी अर्थात 02 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर अगले वर्ष विजयादशमी 2026 तक चलेंगे। इसमें सबसे पहले संघ नगर स्तर पर पथ संचलन निकालेगा। इसके बाद युवा सम्मेलन,संगोष्ठी व विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा सामाजिक सदभाव की बैठकें होंगी। इसके अलावा पंच परिवर्तन से जुड़े विषयों जैसे सामाजिक समरसता,कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,स्व का जागरण व नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर समाज में जन जागरण किया जायेगा।

# लखनऊ : युवक की चापड़ मारकर हत्या आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मदेय गंज थाना में शुक्रवार की देर रात को एक युवक की हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मृतक की पहचान करते हुए शव को पोस्टमार्टम भिजवाया है।

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार देर रात मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले साबिर अली की चापड़ से वार करके हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप रायबरेली निवासी मुन्ना और उसके साथियों पर है। साबिर मूल रूप से रायबरेली में नयापुरवा, निरालानगर का रहने वाला था। इस पर मुन्ना के बेटे पप्पू की हत्या का आरोप था। पुलिस ने मुन्ना व अन्य अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज किया है।

डीसीपी सेंट्रल आशीष श्रीवास्तव ने शनिवार को घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मदेयगंज थाना क्षेत्र के खदरा में रात ढाई बजे एक युवक की हत्या की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान शुरू कर दी। तलाशी के दौरान शव के पास से एक मोबाइल मिला। उस मोबाइल से कॉल करने पर रायबरेली निवासी वसीम ने मृतक की पहचान अपने भाई साबिर के रूप में की।

वसीम ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2017 में साबिर, मुन्ना के बेटे पप्पू की हत्या में जेल गया था। साबिर जमानत पर छूटा था। उसका आरोप है कि मुन्ना ने साबिर को खदरा बुलाया और साथियों संग मिलकर उसकी हत्या कर दी।

थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि पुलिस को मौके से चापड़ और चाकू मिला है। घटना की जानकारी रायबरेली में रहने वाले मृतक के परिवार को दे दी गई है। सूचना पर भाई वसीम और रायबरेली पुलिस आ रही है। हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है।

# आयुष और योग के जरिए यूपी बनेगा हेल्थ टूरिज्म का हब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योग और आयुष मूल रूप से भारतीय जीवन पद्धति हैं। आज पूरी दुनिया इन दोनों के महत्व को स्वीकार कर रही है। 21 जून को विश्व के करीब 175 देशों में मनाया गया योग दिवस इसका सबूत है। चूंकि योग और आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक हैं। इसलिए एक बढ़ेगा तो दूसरा भी उसके साथ बढ़ेगा।आंकड़े इसके प्रमाण हैं। भविष्य में उत्तर प्रदेश योग और आयुष के सहारे हेल्थ टूरिज्म का हब बनेगा। इनकी संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार ने इसकी तैयारियां पहले से शुरू कर दी थीं। इस क्रम में गोरखपुर में ''महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम से बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन 30 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी।

उल्लेखनीय है कि इसका शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 21 अगस्त 2021 में किया था। उद्घाटन के बाद यह विश्वविद्यालय अपनी पूरी क्षमता से लोगों को आरोग्यता प्रदान करने लगेगा। इसमें नियमित कुलपति की नियुक्ति पहले ही हो चुकी है। ओपीडी का संचालन भी हो रहा है। यह विश्वविद्यालय गोरखपुर के पिपरी (भटहट) में स्थित है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज भी शीघ्र संचालित होने लगेंगे। फिलहाल प्रदेश में इस समय 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी,1585 होम्योपैथिक चिकित्सालय हैं। इसके साथ आठ आयुर्वेदिक कॉलेज एवं इनसे संबद्ध चिकित्सालय, दो यूनानी कॉलेज और इनसे संबद्ध चिकित्सालय और 9 होम्योपैथिक कॉलेज उनसे संबद्ध चिकित्सालय और वेलनेस सेंटर भी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके हैं कि आयुष चिकित्सा पद्धति सिर्फ सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में हेल्थ टूरिज्म से रोजगार की असीम संभावनाएं भी हैं। आयुष विश्वविद्यालय न केवल इस विधा के अन्य संस्थानों का नियंत्रण करेगा, बल्कि पाठ्यक्रमों में एकरुपता लाकर उसे और उपयोगी बनाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता तो सुधरेगी ही, संबंधित क्षेत्र में शोध और नवाचार को। योगी सरकार इलाज की इस विधा के प्रोत्साहन के लिए पहले ही आयुष बोर्ड का गठन कर चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय समय पर योग और आयुर्वेद से होने वाले लाभ और इनके जरिए उत्तर प्रदेश को हेल्थ टूरिज्म का हब बनाने की मंशा भी जता चुके हैं। प्रयागराज महाकुंभ के सफलतम आयोजन के बाद 23 फरवरी को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था, ''धर्म के बाद उत्तर प्रदेश हेल्थ टूरिज्म में भी नंबर वन बनेगा। इसके लिए हमें अपने इलाज को प्राचीन विधाओं और दादी नानी के नुस्खों को संग्रहित करना होगा। क्योंकि निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है।

आयुष क्षेत्र की संभावनाएंआयुष संभावनाओं का क्षेत्र है। बिना किसी दुष्प्रभाव के निरोग और रोग होने पर इलाज का यह एक परंपरागत एवं प्रभावी जरिया है। एक तरह से योग भी इसका हिस्सा है। योग सहित आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता इसके संभावनाओं को और बढ़ा रही है। आयुर्वेद की ये लोकप्रियता और वैश्विक स्वीकार्यता भारत के स्वदेशी ज्ञान और विरासत की संपन्नता का भी प्रमाण है। योगी सरकार को पूरा भरोसा है कि आने वाले वर्षों में भी इस विधा के स्वीकार्यता और लोकप्रियता का यही सिलसिला जारी रहेगा। इस लिए सरकार का पूरा फोकस इस परंपरा को विज्ञान से जोड़ने का है। ताकि आयुर्वेद प्रदेश, देश और दुनिया को आरोग्य की राह दिखा सके।

युवाओं के लिए रोजगार के खुलेंगे द्वारआयुष के बढ़ते क्रेज और कारोबार से स्थानीय स्तर पर औषधीय खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इनके प्रसंस्करण के लिए स्थानीय स्तर पर कुटीर उद्योग लगेंगे। इनमें ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और मार्केटिंग के लिए रोजी रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। लोग आसपास उगने वाली जड़ी-बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इसका सर्वाधिक लाभ स्थानीय किसानों और छोटे उद्यमियों को होगा।

# हृदयाघात से होने वाली मृत्यु दर को कम करेगा एसजीपीजीआई का स्टेमी केयर प्रोग्राम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दिल के दौरे से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ के साथ मिलकर यूपी स्टेमी केयर प्रोग्राम शुरू किया है। इसके तहत जिला अस्पताल और सीएचसी पर आये हृदय के मरीजों को गोल्डन ऑवर के भीतर फाइब्रिनोलिसिस शुरू कर दिया जायेगा,इसके बाद-24 घंटों के भीतर उपचार के लिए अन्य संस्थानों तक पहुंच सकते हैं। एसजीपीजीआई ने इस पहल के क्रियान्वयन में अपनी नैदानिक ??विशेषज्ञता, अकादमिक नेतृत्व और टेलीमेडिसिन बुनियादी अधःसंरचना प्रदान करते हुए केंद्रीय भूमिका निभाई है।

शनिवार को एसजीपीजीआई में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण/चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरुआत के साथ, उत्तर प्रदेश का लक्ष्य एसटीईएमआई से संबंधित मृत्यु दर को महत्वपूर्ण रूप से कम करना और पूरे भारत में स्केलेबल कार्डियक केयर डिलीवरी के लिए एक खाका तैयार करना है। एसजीपीजीआई के निदेशक पद्मश्री प्रोफ़ेसर आरके धीमन ने इस पहल में यूपी सरकार के साथ एसजीपीजीआई की भागीदारी पर उत्साह व्यक्त किया और इस कार्यक्रम के लिए अपना पूर्ण मार्गदर्शन और समर्थन सुनिश्चित किया।

एसजीपीजीआई में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफ़ेसर आदित्य कपूर ने जोर देकर कहा यह कार्यक्रम यूपी में रोके जा सकने वाली हृदय संबंधी मौतों को कम करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। सरकारी सहायता को चिकित्सा नवाचार के साथ जोड़कर, हम पूरे देश के लिए एक मॉडल बना रहे हैं।

डॉ अंकित साहू, एडिशनल प्रोफ़ेसर, कार्डियोलॉजी, ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य यूपी के दूरदराज के इलाकों में समय की दृष्टि से महत्वपूर्ण हृदय संबंधी देखभाल प्रदान करना है और यह संसाधन-विवश सेटिंग्स में एसटीईएमआई देखभाल वितरण के लिए मानक स्थापित करने की संभावना है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिल के दौरे का सही पता लगाने और समय पर उपचार शुरू करने में सशक्त बनाया जाता है। कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता हब-एंड-स्पोक मॉडल का उपयोग करके फार्माकोइनवेसिव रणनीति को अपनाना है।

# थाना जानकीपुरम ने चोर गैंग का किया खुलासा चार धारे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जानकीपुरम पुलिस ने क्राइम सेल डी सी पी उत्तरी के साथ मिलकर बन्द घरों को टारगेट कर चोरी की कई घटनाओ को अंजाम देने वाले सक्रिय गिरोह के चार सदस्यों को अपनी गिरफ्त मे लेने मे बड़ी कामयाबी हासिल की है गिरफ्त मे आये अभियुक्तों मे गैंग लीडर अभियुक्त राहुल गुप्ता भी शामिल है जो इस गैंग का संचालन करता था। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है। आपको बता दें कि दिनांक 18 जून 2025 को स्थानीय थाना क्षेत्र मे बड़ी चोरी की घटना को लेकर मुकदमा पंजीकृत हुआ था जिसपर ये कार्यवाही की गई है। पुलिस की गिरफ्त मे आये अन्य अभियुक्तों के नाम रामू रावत,राजीव रस्तोगी और विमलेश कुमार हैं ।अभियुक्तों के पास से बिना नंबर प्लेट का एक वाहन भी प्राप्त हुआ है जिसे घटना मे प्रयुक्त किया गया था अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

## अल्पसंख्यकों का पैग़ाम, मोदी के साथ मुसलमान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे तरुण चुग

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को केन्द्र की मोदी सरकार में गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 'अल्पसंख्यकों का पैग़ाम, मोदी के साथ मुसलमान' नामक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग संबोधित करेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुँवर बासित अली ने बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय अटल बिहारी बाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और विकसित भारत संकल्प सभा को मुख्य वक्ता के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख भी संबोधित करेंगे।

## सेना में नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने वाला कथित कर्नल गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार देररात को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वह लोगों को भारतीय सेना में खुद को कर्नल बताकर नौकरी दिलाने के नाम ठगी करता था। पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि टीम ने आरोपित मुजफ्फरनगर निवासी राहुल को सीतापुर के नरायननगर से पकड़ा है। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकारा कि उसने खुद को कर्नल बताकर कई बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। एसटीएफ ने अग्रिम कार्रवाई के लिए अभियुक्त को सीतापुर पुलिस को सुपुर्द किया है।

## सोशल मीडिया के जरिए टॉस्क देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी एसटीएफ की टीम ने संगठित गिरोह के मास्टर माइंड समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह टेलीग्राम, फ़ेसबुक के जरिए टॉस्क देकर उसे पूरा करने पर रिवार्ड के रूप में धन दोगुना करने का लालच देकर फर्जी बैंक खातों में रुपये जमा कराकर ठगी करते हैं। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि तीन लोगों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। शिवांश मिश्रा और रवि सिंह मित्र हैं और वर्तमान में भोपाल से भाभा यूनिवर्सिटी से बीफार्मा कर रहे हैं। साल 2023 में भोपाल आईजीटी सैल्युशन के काल सेंटर में नौकरी की थी। वहीं, उनकी मुलाकात जुबेर खान से हुई और उसने उन दोनों को सैफ खान से मिलवाया। सैफ ने अनिल नायक से मुलाकात करायी, जो बैंक खाते किराये पर लेता था। प्रतिकिट 15 हजार रुपये और बैंक खातों में जो रुपये आते उसका कमीशन उन्हें देता था। इस पर दोनों अपने मामा उमाशंकर के साथ मिलकर फर्जी खाता खुलवाने लगे। हम लोगों ने 50 बैंक खाते पिछले वर्ष अमित और अनिल को उपलब्ध कराया है। हम लोग पैसे का लालच पाकर यह काम करते हैं। शिवांश के मामा उमाशंकर ने भी कहा कि भांजे के कहने पर ही बैंक खाता खुलवाकर उसकी पूरी किट उसे उपलब्ध कराता था। उनके खिलाफ अमेठी में रहने वाले एक युवक ने ठगी के ?शिकार होने के बाद शिकायत दर्ज करायी थी। अग्रिम कार्रवाई के लिए अभियुक्तों को अमेठी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## टाटा टेक्नोलॉजीज के प्रशिक्षण संस्थान का सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने किया निरीक्षण

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की ओर से स्थापित एडटेक प्रशिक्षण संस्थान एवं रेमंड टेलरिंग सेंटर का शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी भी उनके साथ मौजूद रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजीज व उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य एमओयू के माध्यम से चलाए जा रहे इस प्रशिक्षण संस्थान में अच्छा कार्य चल रहा है। यह प्रयास न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाएगा, बल्कि प्रशिक्षुओं को टाटा मोटर्स सहित अन्य नामी कंपनियों में सेवायोजित होने का अवसर भी देगा। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान विभाग के निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अभिषेक सिंह, संयुक्त निदेशक अनिल वर्मा, संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, उप–प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, संस्थान के कार्यदेशक, अनुदेशकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

# बहला–फुसलाकर नाबालिक युवती को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अहम सफलता हासिल करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने एक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर शारीरिक शोषण किया था। यह मामला बीते 18 मई का है, जब मोहनलालगंज थाने में एक महिला ने अपनी 18 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद मोहनलालगंज पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और मामला संदिग्ध पाते हुए युवती की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गईं।जांच के दौरान यह सामने आया कि युवती को पुरसैनी गांव निवासी अमरेश उर्फ बृजेश, जो कि पहले से शादीशुदा है, बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए युवती को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया और आयु की पुष्टि हेतु दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें वो नाबालिक पाई गई। युवती के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है।साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए शनिवार को विशेष टीम की मदद से आरोपी अमरेश उर्फ बृजेश को कल्ली पूरब मेन रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला संबंधी अपराधों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़िताओं को न्याय दिलाना और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना पुलिस की प्राथमिकता है।

# कृषि यंत्र व ड्रोन खरीद पर अनुदान दे रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। किसानों का कल्याण ही उत्तर प्रदेश की नई पहचान बन गई है। किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक और लागत कम की अवधारणा पर योगी सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन प्रारंभ हो गया है। किसान इसके लिए 12 जुलाई तक पर बुकिंग कर सकेंगे। इसी पोर्टल के जरिए ही संपूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं। पर करना होगा आवेदन किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए पर आवेदन करना होगा। बुकिंग 27 जून से प्रारंभ हुआ है, जो 12 जुलाई तक चलेगा। पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यंत्रों के विवरण, यंत्र बुकिंग व अनुदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर मिलेगा लाभ कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू व अन्य योजना के हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रमुख कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरण इत्यादि पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इन कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकेंगे कृषक कृषि विभाग के मुताबिक हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेंटर, फॉर्म मशीनरी बैंक, किसान ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर विद सुपर एसएमएस, न्यूमेटिक प्लांटर, मेज सेलर, पॉपिंग मशीन, बैच ड्रायर, थ्रेसिंग फ्लोर, स्मॉल गोदाम, ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट/ मिनी एक्सट्रैक्शन यूनिट, शुगर केन सेटलिंग प्लांटर, शुगर केन पॉवर वीडर/इंटर रो कम इंट्रा रो वीडर (पीटीओ ऑपरेटेड) एवं अन्य कृषि यंत्रों पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

**नगर पालिका खैराबाद में दी गई जरूरी हिदायतें**

**अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा।**

**नगरपालिका द्वारा सभी वार्डों में नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी**

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



खैराबाद (सीतापुर)। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज खैराबाद नगर पालिका कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई और दवा छिड़काव की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद डॉ. राहिल फरीद और सफाई निरीक्षक मनोज राणा द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी वार्डों में समयबद्ध तरीके से दवा छिड़काव, नालियों की सफाई, जलजमाव की रोकथाम तथा लार्वा नष्ट करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

इस अवसर पर सभासदगण, नगर पालिका कर्मचारीगण व अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, इंसेफ़ेलाइटिस आदि जैसे रोगों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। जनपदवासियों से अपील की गई कि वे स्वच्छता का पालन करें, घरों में पानी एकत्र न होने दें और किसी भी संदिग्ध लक्षण पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# श्रावण मास से पहले छोटी काशी में प्रशासनिक सक्रियता तेज

## एसपी व एडीएम ने लिया गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर का जायजा, दिए जरूरी निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



लखीमपुर खीरी। श्रावण मास की शुरुआत से पहले गोला स्थित ऐतिहासिक छोटी काशी शिव मंदिर में प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। एसपी संकल्प शर्मा और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शिव मंदिर परिसर, कांवड़ यात्रा मार्ग और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर में जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत आपूर्ति और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, ट्रैफिक डायवर्जन और बैरिकेडिंग की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर पालिका, बिजली, स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावण मास शुरू होने से पूर्व सारी व्यवस्थाएं धरातल पर नजर आनी चाहिए। विशेष रूप से कांवड़ मार्ग पर जल छिड़काव, शौचालय, मेडिकल कैंप और रैन बसेरा की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन, सहित ईओ सहित पुलिस राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क पर निर्माण कार्य शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



निघासन खीरी । विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला को सिगाही बेलराया नेशनल हाईवे को जोडने वाली सडक सरयू सहकारी चीनी मिल की ना गन्ना परिषद से एक दशक पहले बनाई गई थी जो अब जीर्ण शीर्ण अवस्था मे पहुच कर गड्ढा युक्त हो गई थी बारह मास सडक पर भीषण जल भराव होता था यह सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही थी ग्रामीणों की मांग व प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित के अथक प्रयास से करीब 500 मीटर की रोड आनन्द शुक्ला के घर से सिद्ध बाबा मंदिर तक निर्माण का कार्य शनिवार से प्रारम्भ हो गया है। यह सड़क न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सड़क निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचकर आसान हो जाएगी, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस



धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददात । थाना समाधान दिवस धौरहरा में उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि व प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा की उपस्थिति में हुआ कोतवाली धौरहरा में समाधान दिवस जिसमें कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए14 प्रार्थना पत्र उसमें 9 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया बाकी बचे 5 प्रार्थना पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर दिए गए हैं उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि ने फरियादियों की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना व समझा जिससे फरियादियों में न्याय मिलने की एक नई उम्मीद जगी और उन्होंने मौके पर अधिकारियों आदेशित किया कि ज्यादा से ज्यादा प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया जाए जिससे आम जन में न्याय के प्रति भरोसा बना रहे.. मौके पर समस्त पुलिस स्टाफ व राजस्व निरीक्षक वह तहसील क्षेत्र के लेखपालमौजूद रहे ।

# सीतापुर बिसवां में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



**बजेहरा चौराहे से मारुछी तक चल रहे हैं अवैध क्लिनिक, बिना डिग्री-रजिस्ट्रेशन के झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं इलाज**

**प्रशासनिक चुप्पी से लोगों की जान पर बना खतरा**

बिसवां (सीतापुर) । उत्तर प्रदेश सरकार एक ओर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और आम जनता को सुलभ, सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। वहीं सीतापुर जनपद के बिसवां क्षेत्र में सरकारी दावों को मुंह चिढ़ाते हुए झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क तेजी से फैलता जा रहा है। बजेहरा चौराहे से लेकर मारुछी बाजार तक, आधा दर्जन से भी अधिक अवैध क्लिनिक धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इन क्लिनिकों को चलाने वाले पंकज, डॉ. सरवन, इरफान और अनुज जैसे फर्जी डॉक्टर हैं, जिनके पास न तो कोई चिकित्सा डिग्री है, न रजिस्ट्रेशन, और न ही किसी प्रकार की स्वास्थ्य विभाग से अनुमति।

इन झोलाछाप डॉक्टरों ने अपने नाम के आगे ''डॉ.'' लगाकर खुद को पेशेवर चिकित्सक के रूप में प्रचारित कर रखा है। इनका दावा है कि वे मोटापा, बुखार, टाइफाइड, महिला रोग और त्वचा रोग तक का इलाज करते हैं। मरीजों को भ्रमित कर ये डॉक्टर न केवल मोटी रकम वसूलते हैं, बल्कि गलत दवाओं और इंजेक्शनों से लोगों की जिंदगियों से भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

**बिना रजिस्ट्रेशन, बिना अनुभव ऽ इलाज का ढोंग**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार इन डॉक्टरों की न कोई डिग्री है, न कोई मेडिकल प्रशिक्षण। फिर भी इनके क्लिनिकों पर मरीजों की भीड़ लगी रहती है। कारण है ऽ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और लोगों की जागरूकता का अभाव।

**जनता में आक्रोश, डर का माहौल**

गांव के लोगों का कहना है कि कई बार मरीजों की हालत इलाज के बाद बिगड़ चुकी है, लेकिन डर और लाचारी के चलते कोई आवाज नहीं उठाता। ऐसे फर्जी डॉक्टरों की लापरवाही से बेसिक संक्रमण भी गंभीर बीमारी में बदल जाते हैं। कई बार तो गलत दवाओं से मरीजों की हालत इतनी बिगड़ जाती है कि उन्हें ज़िला अस्पताल तक रेफर करना पड़ता है।

**प्रशासन क्यों मौन**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इन डॉक्टरों के क्लिनिक खुलेआम चल रहे हैं, और प्रशासन खामोश तमाशबीन बना हुआ है।

**अब बड़ा सवाल यह है:**

क्या स्वास्थ्य विभाग को इन क्लिनिकों की जानकारी नहीं है?

क्या प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से ही ये झोलाछाप डॉक्टर फल-फूल रहे हैं?

और कब उठाएगा प्रशासन ठोस कदम, ताकि आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ बंद हो?

यदि समय रहते इन पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में यह लापरवाही किसी बड़े स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकती है।

**मांग:**

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन तुरंत संज्ञान लेकर इन झोलाछाप पर कड़ी कार्रवाई करे।

# मानव तस्करी व नशा मुक्ति की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया गया




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । शासन द्वारा चलाए जा रहे माननीय राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा, बाल भिक्षावृति, बाल किशोर, श्रम मुक्त अभियान के तहत वैश्विक ऑपरेशन के संबंध में तथा बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल विवाह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी)/नोडल अधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 28.06.2025 को थाना खीरी से प्रभारी उ0नि0 श्री राम अवतार; हे0का0 शैलेंद्र कुमार; कांस्टेबल अमित कुमार व चाइल्डलाइन से अंजुम परवीन के साथ संयुक्त रुप से थाना सदर क्षेत्र मे मंदिर, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानो पर बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम, देह व्यापार व मानव तस्करी तथा तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने हेतु जन-जागरुकता अभियान चलाया गया।

# कृषि व्यापारियों ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ निकाला पैदल मार्च

## लखनऊ कूच से पहले तहसीलदार ने मौके पर लिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मैगलगंज खीरी। खाद की कालाबाजारी और थोक विक्रेताओं द्वारा हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ खुदरा कृषि व्यापारी एसोसिएशन ने आज मैगलगंज कस्बे में जोरदार पैदल मार्च निकाला। व्यापारियों की योजना मैगलगंज से लखनऊ तक मार्च करने की थी, लेकिन प्रशासन की तत्परता से लखनऊ कूच की नौबत नहीं आई। मौके पर मितौली तहसीलदार ज्योति वर्मा स्वयं पहुंचीं और व्यापारियों की बात सुनते हुए ज्ञापन मौके पर ही स्वीकार कर लिया। इससे पहले कस्बे की मुख्य सड़कों पर व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और खुदरा व्यापारियों के साथ हो रहे शोषण पर रोक लगाने की मांग की।

इस विरोध प्रदर्शन में संघ के अध्यक्ष संदीप शुक्ला, महासचिव मो0 शाकिब, कोषाध्यक्ष हरदयाल गुप्ता, उपाध्यक्ष उमेश शर्मा के साथ सुनील यादव, दुर्गेश गुप्ता, अन्नू अवस्थी समेत दर्जनों खुदरा कृषि व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## आम महोत्सव-2025 का किया जा रहा आयोजन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के कृषक बंधुओं को सूचित किया है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 04 से 06 जुलाई 2025 को अवध शिल्प ग्राम अवध विहार योजना, सेक्टर-9, अमर शहीद पथ, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें जनपद के उत्कृष्ट आम कृषकों द्वारा प्रतिभाग एवं अपनी अच्छी आम प्रजातियों के प्रदर्श प्रदर्शित किये जायेंगे। इच्छुक कृषक बन्धु अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर, स्वरूपनगर निकट-फायर बिग्रेड केन्द्र पुलिस लाइन, सीतापुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

## खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिख के वित्तीय अधिकार सीज जिलाधिकारी की जांच पर हुई कार्रवाई

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मिश्रिख में रहे खण्ड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए हैं। करीब एक माह पहले मिश्रिख से इनका तबादला हुआ था। इस समय वह बस्ती जनपद के विकासखंड विक्रमजोत में तैनात हैं। मनरेगा योजना के तहत सामग्री मद में बकाये की तुलना में 45 फीसद से अधिक भुगतान न करने के निर्देश दिए गए थे। मिश्रिख खण्ड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह ने करीब 3.56 करोड़ का अधिक भुगतान कर दिया। जानकारी होने पर जिलाधिकारी ने जांच करवाई। इसमें इन्होंने स्पष्टीकरण दिया कि ग्राम प्रधान कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन कर रहे थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर इन्हें भुगतान किया गया। जांच में यह तथ्य सही नहीं निकला। इस पर शासन ने इनके वित्तीय अधिकार सीज कर दिए हैं। इस समय यह बस्ती जनपद के विकासखंड विक्रमजोत में तैनात हैं।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत, नगर पालिका खैराबाद में दी गई जरूरी हिदायतें

खैराबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज खैराबाद नगर पालिका कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई और दवा छिड़काव की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद डॉ. राहिल फरीद और सफाई निरीक्षक मनोज राणा द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी वार्डों में समयबद्ध तरीके से दवा छिड़काव, नालियों की सफाई, जलजमाव की रोकथाम तथा लार्वा नष्ट करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर सभासदगण, नगर पालिका कर्मचारीगण व अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, इंसेफ़ेलाइटिस आदि जैसे रोगों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। जनपदवासियों से अपील की गई कि वे स्वच्छता का पालन करें, घरों में पानी एकत्र न होने दें और किसी भी संदिग्ध लक्षण पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

## सेवानिवृत्त सैनिकों को पैनल अधिवक्ता व पीएलवी बनने का अवसर

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी की ओर से एक अहम सूचना जारी की गई है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिले में सेवानिवृत्त सैनिकों को पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर) के रूप में नामित किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि जो भी सेवानिवृत्त सैनिक पैनल अधिवक्ता या पीएलवी के रूप में कार्य करना चाहते हैं, वे 01 जुलाई 2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, लखीमपुर-खीरी में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य सेवानिवृत्त सैनिकों के अनुभव और अनुशासन का लाभ विधिक सेवा के क्षेत्र में लेना है, ताकि न्याय व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके ।

## तेज रफ्तार अज्ञात बाइक की टक्कर से महिला घायल

धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पंचायत धौरहरा के तहसील बाईपास पर ऑटो बैठते समय पीछे से बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह मौके पर घायल हो गई जहां से उसको राहगीरों ने 108 के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा पहुंचाया पीड़िता सिमरन पत्नी कैलाश निवासी मोहल्ला जवाहर नगर कस्बा धौरहरा जो की अपनी ससुराल से मायके जाने के लिए तहसील बाईपास पर ऑटो पर बैठने चली पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने सिमरन को ठोकर मार दी जिससे वह सड़क पर वहीं गिर गई और बेहोश हो गई वही नजदीकी अस्पताल में उपचार के बाद पुन: घर लाया गया।

# पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । जनपद के प्रत्येक थानें पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा थाना मोहम्मदी पर उपस्थित रहकर ''समाधान दिवस'' की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# पेस संस्थान द्वारा जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर पहला । सीता पुर पहला क्षेत्र के ग्राम पंचायत मे आज दिनांक 28 जून 2025 को पंचायत भवन सिरौली के सभागार में पेस संस्थान द्वारा जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था द्वारा हस्ताक्षेपित 50 ग्राम पंचायत के सक्रिय नागरिक नेता, पंचायत सदस्य, समूह की महिलाएं, व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्माण कार्य समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम का संचालन पर संस्थान की प्रशिक्षण संबंध में बिना पांडे द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य स्थिति द्वारा दीप प्रचलन कर की गई कार्यक्रम में उपस्थित भाइयों द्वारा अपनी अपनी 25 पंचायत से ऐसे 28 कार्यों को चिन्हित किया गया जो पंचायत से नहीं हो सकते हैं या पंचायत के बजट से ज्यादा है इनमें मुख्य रूप से नाला निर्माण, गांव तक लिंक रोड, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुलिया निर्माण आदि कार्य प्रमुख है कार्यक्रम को ग्राम पंचायत में अगुवाई करने हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया एवं ग्राम पंचायत उनकी भूमिका को बेहतर तरीके से समझाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में संस्था के बारे में व परियोजना के बारे में चर्चा करते हुए 5 साल की उपलब्धिओ पर चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला निर्माण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता को विभिन्न ज्ञापन सौंपे गए।

कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे प्रतिभागियों को संस्था द्वारा बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था सचिव राजविंदर कौर द्वारा सभी को नागरिक नेता की विशेषताओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही ग्राम पंचायत की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पेस संस्था के हरिओम बाजपेई, ऋतिक अवस्थी, राजाराम, सचिन, शैलेन्द्री, वंदना, आकांक्षा और हरीश का विशेष सहयोग रहा।

# डीह डिवाई में पानी न छोड़े जाने से आक्रोशित किसानों ने मऊ रेगुलेटर पर किया जोरदार प्रदर्शन

**मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसनों की समस्याएं सुनते हुए मऊ रेगुलेटर को खुलवाकर डीह डिवाई में पानी छुड़वाया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। शारदा सहायक खंड- 28 की बड़ी नहर जौनपुर ब्रांच से निकली डीह डिवाई में पानी न छोड़े जाने से आक्रोशित किसानों ने शनिवार को महराजगंज तहसील क्षेत्र के मऊ रेगुलेटर पर जोरदार प्रदर्शन किया। मुरैनी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह, सिकंदरपुर ग्राम प्रधान डब्बू सिंह, समाजसेवी राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भोलू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने घंटों तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रामाशंकर राय, अधीक्षण अभियंता संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद एवं जूनियर इंजीनियर ज्ञान प्रकाश गुप्ता मौके पर पहुंचे और किसनों की समस्याएं सुनते हुए अभिलंब विभागीय कर्मचारियों निर्देश देते हुए मऊ रेगुलेटर को खुलवाकर डीह डिवाई में पानी छुड़वाया, तब जाकर किसानों द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन शांत हुआ। आपको बता दें कि, प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि, सिंचाई विभाग के अधिकारी जौनपुर मुख्य ब्रांच क्षेत्र के नेताओं के दबाव में डीह डिवाई नहर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि, शारदा सहायक खंड- 28 से जौनपुर ब्रांच बड़ी नहर में तो पानी पूरी मात्रा में छोड़ा गया है, इससे डीह डिवाई नहर क्षेत्र के किसानों को कोई लाभ नहीं हुआ है, उन लोगों को धान की बेढ़न डाले हुए लगभग 2 महीने बीत रहे हैं, एक तो इंद्रदेव का प्रकोप, दूसरा विद्युत विभाग की उदासीनता और लो वोल्टेज की समस्या के कारण अब तक धान की रोपाई का कार्य शुरू नहीं हो सका है, बेढ़न बुड्ढी हो चुकी है, धान की फसल ग्रोथ नहीं करेंगी, जिसका असर सीधे पैदावार पर पड़ेगा। किसान भोलू सिंह, रणविजय सिंह, राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा और रोहिताश्व सिंह उर्फ डब्बू ने कहा कि, क्षेत्र का किसान डीह डिवाई में पानी ना छोड़े जाने से चिंतित है। यदि आज और अभी डीह डिवाई में पानी नहीं छोड़ा गया तो आक्रोशित किसानों की भीड़ नहर में कूद कर अपनी जान दे देंगे। किसानों द्वारा कही गई इस बात से विभागीय अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और अभिलंब विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए मऊ रेगुलेटर को खुलवाकर डीह डिवाई में पानी छोड़ा गया। मऊ सर्की गांव के रहने वाले किसान श्याम भवन सिंह ने कहा कि, उनके धान की बेढ़न (पौध) तैयार हो चुकी है, जो लगाने योग्य है। लेकिन नहर में पानी ना छोड़े जाने के कारण धान की लगवही का काम बाधित है। उधर किसानों द्वारा जौनपुर ब्रांच बड़ी नहर से डीह डिवाई में पानी ना छोड़े जाने से आक्रोशित क्षेत्रीय किसानों द्वारा प्रदर्शन की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की समस्याओं को सुना, और मऊ रेगुलेटर को खुलवाकर डीह डिवाई में पानी छोड़ा गया। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया, और आए हुए विभागीय अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद देते हुए करते हुए लड्डू मंगवाकर मुंह मीठा करवाया। प्रदर्शनकारियों में प्रमुख रूप से रणविजय सिंह एडवोकेट, शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भोलू सिंह, राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, शैलेंद्र सिह जनई, अमरेश अवस्थी (रिंकू), राहुल सिह जनई, दीपू प्रधान मुरैनी, श्याम सिंह चौहान, सतीश सिंह, मोहन सिंह एडवोकेट, सूरज अवस्थी, मोहम्मद हसनैन, बलराम सिंह, रामशरन सिंह, विवेक सिंह, रजनीश यादव, राहुल मिश्रा, शिवम पाडेय, सौरभ सिह, अभिषेक सिंह, सुरेंद्र पासी, कमलेश सिंह, कमलेश, गुरचरण, विनोद मौर्य, सुरेश, धनंजय सिंह, राम भजन, जग प्रसाद, जुनैद, अजीत, गुलाब सिह, विंधा पसाद, समेत सैकड़ो की तादाद में क्षेत्रीय किसनों ने पहुंचकर धरना दिया, आक्रोशित किसानों के धरना के चलते प्रदर्शनकारियों के सामने आखिरकार सिंचाई विभाग को झुकना पड़ा और डीह डिवाई का रेगुलेटर खोलकर पानी छोड़ा गया। उधर सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर चंदापुर कोतवाल प्रशांत द्विवेदी के नेतृत्व में एसएसआई रवि पवार, रमापति बाजपेई, मुकेश कुमार गंगवार, आनंद सिंह समेत बड़ी तादात में पुलिस बल मौजूद रहा।

## रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध की गयी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



रायबरेली। रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध रूप से की गयी प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण अभियान के अन्तर्गत प्राधिकरण टीम द्वारा मिल एरिया पुलिस की उपस्थिति में जोन नं0-2 में देवानन्दपुर में गाटा संख्या-214 व 215 क्षेत्रफल लगभग 3 बीघा पर रावेन्द्र सोनकर, धर्मेन्द्र सोनकर, श्यामलाल एवं भोला द्वारा की गयी अवैध प्लाटिंग एवं देवानन्दपुर के गाटा संख्या-203 क्षेत्रफल लगभग 2.5 बीघा पर श देवकी नन्दन श्रीवास्तव, सूरज सोनकर एवं आमीर द्वारा की गयी अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आगे भी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रहेगी।

## कृषि आदान व्यापारियों का विरोध, उन्नाव में एक दिन का बंद

उन्नाव । कृषि आदान व्यापारियों ने विभागीय कार्रवाई के विरोध में एक दिवसीय बंद किया। खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों पर हो रही छापेमारी और लाइसेंस निलंबन के विरोध में यह कदम उठाया गया। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की कार्रवाई से व्यापारी डरे हुए हैं। यूरिया और अन्य उर्वरकों पर कंपनियां एफओआर सुविधा नहीं दे रही हैं। जबरन टैगिंग से व्यापारियों का खर्च बढ़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कीटनाशक की गुणवत्ता के लिए उन्हें दोषी ठहराना गलत है। लाइसेंस और गोदाम की मंजूरी लखनऊ से होती है। अगर पैकिंग में छेड़छाड़ नहीं की गई है, तो जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की होनी चाहिए।आपको बताते चलें कि बीज व्यापार में भी कई समस्याएं हैं। बीज अधिनियम 1966 और बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत पूरे प्रदेश में एक लाइसेंस होना चाहिए। लेकिन हर जिले में अलग लाइसेंस मांगा जा रहा है। सब्जी बीजों की विविधता के कारण स्टॉक बोर्ड पर विवरण देना मुश्किल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इससे आने वाले खरीफ सीजन में किसानों को खाद, बीज और कीटनाशकों की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## मुन्ना समोसा प्रतिष्ठान पर खाद्य विभाग का छापा, आठ नमूने भरे

कानपुर । गोविंद नगर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मुन्ना समोसा पर शनिवार को खाद्य विभाग ने छापा मारा है। इस दौरान खाद्य सामग्री का नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेजा है।सहायक आयुक्त (खाद्य) संजय प्रताप सिंह ने बताया कि छापेमारी के समय प्रतिष्ठान स्वामी रामबाबू गुप्ता की उपस्थिति में विनिर्माणशाला का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कुछ महत्वपूर्ण बिंदु सामने आए हैं। विनिर्माण क्षेत्र में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। प्रतिष्ठान में निषिद्ध/प्रज्य सामग्री भंडारित पाई गई। साथ ही स्वच्छता मानकों का उल्लंघन होने के कारण प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए, जब तक समुचित सफाई सुनिश्चित न हो।सहायक आयुक्त ने कहा कि इसी के साथ संदेहास्पद खाद्य सामग्री के रूप में समोसा, छोले,समोसे में प्रयुक्त खाद्य तेल,छोले,मैदा,बेसन शेष तीन नमूनों का विवरण प्रयोगशाला रिपोर्ट अनुसार संलग्न होगा। कुल आठ नमूनों का संग्रह किया गया। सभी नमूनों को विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत परीक्षण के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अजय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह एवं अजीत कुमार सिंह सम्मिलित रहे।

## साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के 54 हजार कराए वापस

मुरादाबाद । साइबर सेल ने मुरादाबाद जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र निवासी युवक को डेढ़ साल पूर्व ऑनलाइन ठगी के ?54,000 शनिवार को वापस कराए। पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने पीड़ित को रकम वापस पहुंचाने का प्रमाण पत्र सौंपा।थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम भटावाली निवासी मोहम्मद तंजीम अहमद पुत्र मुस्तकीम अहमद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि 19 फरवरी को उनके बैंक खाते से 54,000 की ठगी हो गया थी। पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात सुभाष चंद्र गंगवार के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते से गया सम्पूर्ण पैसा पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राज्य कर विभाग के तत्वाधान में दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक केंद्र रतापुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित व भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के दानवीर भामाशाह जयंती के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को भी एलईडी स्क्रीन पर देखा गया। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह ने जिस तरह महाराणा प्रताप की सहायता कर देश भक्ति का परिचय दिया। उसी प्रकार हमारे व्यापारी भाई अपनी मेहनत की कमाई का कर देकर देश,राज्य, और जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने दानदाताओं और करदाताओं को आधुनिक भामाशाह कह कर संबोधित किया। राष्ट्र निर्माण में करदाताओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की भी समस्या हो तो उसके लिए तत्काल प्रशासन से संपर्क कर सकते है। प्रशासन उनके व्यापार को सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। संस्कृति विभाग ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।इस अवसर पर राज्य मंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष उदित आजाद, लघु उद्योग भारती जिलाध्यक्ष राजकमल आजाद, प्रदेश महासचिव सुरेश गुप्ता, अध्यक्ष प्रदेश व्यापार मंडल चौहान गुट जी सी चौहान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सीडीओ अर्पित उपाध्याय,एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ के अतिरिक्त वाणिज्य कर और सांस्कृतिक विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर बछरावां में सुनीं लोगों की फरियाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना बछरावां में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा की रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर एसडीएम महराजगंज सचिन यादव सहित पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस बदमाशों में मुठभेड़ दो बदमाशों के पैर में लगी गोली घायल

**पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर का लंगड़ा अभियान जारी**

**पांच टप्पेबाज गिरफ्तार, तमंचे और नकली नोट बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जिले में जहां पुलिस ने टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बीती रात एसओजी, सर्विलांस टीम और थाना सोहरामऊ पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहारी पुरवा मार्ग पर चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। तीन अन्य को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके पास से दो अवैध तमंचे, कारतूस, एक सैंट्रो कार और 17,600 रुपये बरामद किए। घायल अभियुक्त विजय और लालमन आजमगढ़ के रहने वाले हैं। अन्य तीन गिरफ्तार आरोपी निरंजन बिहार का, विमल आजमगढ़ का और किशनलाल जौनपुर का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने 25 जून को सोहरामऊ के एसबीआई बैंक के बाहर एक महिला से टप्पेबाजी की थी। आरोपियों ने महिला से 21,000 रुपये ठगे और उसे नकली नोट पकड़ा दिए थे। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चल रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# साक्षी महाराज का विवादित बयान, धर्मनिरपेक्षता एक बकवास शब्द है

**दिया तर्क कहा'' कोई भी व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष हो ही नहीं सकता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के सांसद साक्षी महाराज एक बार फिर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। अपने कैंप कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कंग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और देश की धर्मनिरपेक्षता पर तीखी टिप्पणियां कीं।आपको बताते चलें कि साक्षी महाराज ने साफ शब्दों में कहा कि ''कोई भी व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष हो ही नहीं सकता। अगर कोई ऐसा कहता है, तो वह बकवास कर रहा है।'' उन्होंने संविधान से 'सेकुलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटाने की वकालत करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया है और इन शब्दों को जोड़ना देश के साथ अन्याय है। उन्होंने इसे ''पाप'' करार देते हुए तर्क दिया कि जैसे आंख का धर्म देखना है, कान का सुनना, अग्नि का जलना, वैसे ही इंसान का धर्म भी स्थायी होता है, जिसे बदला नहीं जा सकता। साक्षी महाराज ने खुद को धर्माचार्य बताते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा विद्वान भी उनसे बहस कर ले, लेकिन धर्मनिरपेक्षता का तर्क नहीं जीत सकता। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में आने से पहले भी धर्मनिरपेक्षता के विरोध में थे और आज भी उसी विचारधारा पर कायम हैं। उनके मुताबिक, धर्मनिरपेक्ष शब्द देश को बर्बादी की ओर ले जाने वाला है। इसी दौरान, उन्होंने इटावा में कथावाचक के फर्जी पहचान पत्र के मामले पर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह व्यक्ति एक आधार कार्ड में ब्राह्मण, तो दूसरे में यादव है। क्या यह रोहिंग्या है? क्या यह आतंकवादी है जो पहचान छिपाकर रह रहा है?'' साक्षी महाराज ने अखिलेश यादव पर जातिवाद का जहर फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की राजनीति सिर्फ जाति के नाम पर भ्रम फैलाने की है। रावण और राम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रावण ब्राह्मण था और राम ठाकुर। लेकिन रावण की पूजा नहीं होती, क्योंकि उसने छल किया। उन्होंने कहा, ल्लदेश में पूजा गुणों की होती है, जाति की नहीं।

## राहुल गांधी पर साक्षी महाराज का तीखा वार

अपने बयानों से हमेशा सुर्खियों में रहने वाले भाजपा के फायर ब्रांड नेता उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने एक बार फिर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया। साक्षी महाराज ने कहा, ''राहुल गांधी राजनीति में पप्पू हैं, उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा सकता। साक्षी महाराज ने कहा राहुल गांधी द्वारा संविधान को खतरे में बताने पर पलटवार करते हुए कहा, ''संविधान को असल में कांग्रेस ने ही कमजोर किया है। जिन्होंने 70 साल देश पर राज किया, वही आज सवाल उठा रहे हैं। इतना ही नहीं, साक्षी महाराज ने कांग्रेस के इतिहास पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी के दादा-दादी ने देश का विभाजन कराया, वे देश के दुश्मन थे। कश्मीर की समस्या और हिंदू-मुस्लिम राजनीति कांग्रेस की ही देन है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की तारीफ करते हुए कहा, ''कांग्रेस के 70 साल और मोदी जी के 11 साल बराबर हैं। विकास और राष्ट्रहित के लिए मोदी सरकार ने जो किया, वो अभूतपूर्व है।''

# फूलबंगला झांकी से महक उठा केशरी टीला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अयोध्या । अयोध्या धाम की सुप्रसिद्ध पीठ मधुर माधुरी कुंज केशरी टीला, नजरबाग में दिव्य, भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। फूल बंगला झांकी उत्सव को पीठ के वर्तमान पीठाधिपति महंत वैदेही शरण महाराज ने अपना सानिध्य प्रदान किया। अवसर मंदिर के गर्भगृह में विराजमान केशरी किशोर सरकार के वर्षगांठ महोत्सव का था।मठ के गर्भगृह से लेकर पूरा मंदिर प्रांगण अनेकानेक सुंदर सुगंधित फूलों एवं रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजा रहा। जिसकी आभा देखते हुए बन रही थी। रंग-बिरंगी विद्युत रोशनियों और फूलों से पूरा मंदिर अलोकित रहा। सायंकाल केशरी किशोर सरकार के पूजन-अर्चन, भोग, आरती पश्चात मंदिर के पट साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया गया था। भक्तजनों ने फूल बंगला झांकी में विराजमान केशरी किशोर सरकार का दर्शन कर अपना जीवन धन्य बनाया और पुण्य के भागीदार बने। मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। पूरा आश्रम सुगंधित फूलों से महक रहा था। अयोध्या धाम के नामचीन कलाकारों ने फूलबंगला से संबंधित अनेकानेक पद गाकर उत्सव में चार-चांद लगा दिया। कलाकारों ने फूलबंगला उत्सव की महफिल सजा दी। इससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए।पीठ के पीठाधीश्वर महंत वैदेही शरण महाराज ने कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट किया। अंत में भक्तजनों को फूलबंगला झांकी महोत्सव का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मधुर माधुरी कुंज केशरी टीला के अधिकारी रामप्रिया शरण महाराज ने बताया कि आश्रम में विराजमान केशरी किशोर सरकार का वर्षगांठ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव पर मठ में फूलबंगला झांकी सजाई गई। इसके अलावा भजन संध्या समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर मंदिर में केशरी किशोर सरकार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। थी। तब से हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर भगवान का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है और फूलबंगला झांकी सजती है। उसी अनुसार इस बार भी भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही प्राचीन मठ है। जो सैंकड़ो वर्ष पुराना है। जहां के गर्भगृह में केशरी किशोर सरकार विराजमान हैं। जो अपने भक्तों का कष्ट हरते और उनकी रक्षा करते हैं। साथ ही साथ मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उनकी कृपा सदैव अपने भक्तों के ऊपर रहती है। वह भक्तों पर आने वाली बाधाओं को दूर करते हैं। इस मौके पर माधुरी कुंज के महंत राजबहादुर शरण, रामनंदन दास समेत बड़ी संख्या में संत-महंत एवं भक्तजन मौजूद रहे।

# वाराणसी में वर्षा जल निकासी के लिए नगर निगम को मिले चार करोड़ रुपये

**मास्टर प्लान बनेगा, हैदराबाद और दिल्ली की फर्मों से आईं निविदाएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मानसून के दौर में वाराणसी शहर में जलजमाव की पुरानी समस्या को सुलझाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वाराणसी नगर निगम को वर्षा जल निकासी का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए चार करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। यह राशि अर्बन फ्लड, जल प्लावन नियंत्रण एवं वर्षा जल निकासी योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है।नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, पूरी नगर निगम सीमा के भीतर जल निकासी की व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से सुधारने और दीर्घकालिक समाधान के लिए यह विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। पूर्व में निगम ने इसके लिए शासन से वित्तीय सहायता की मांग की थी, जिसके अनुरूप यह राशि स्वीकृत हुई है। मास्टर प्लान तैयार करने हेतु नगर निगम द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, जिनके जवाब में हैदराबाद और दिल्ली की दो प्रतिष्ठित फर्मों ने प्रस्ताव भेजे हैं। इन प्रस्तावों का तकनीकी मूल्यांकन व परीक्षण के लिए सी.एंड.डी.एस. मुख्यालय, लखनऊ को भेजा गया है।तकनीकी परीक्षण के बाद स्वीकृति मिलने पर विस्तृत मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसके आधार पर शहर के विभिन्न इलाकों में जल निकासी के निर्माण और सुधार कार्य किए जाएंगे। इससे न केवल जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि शहरी जीवन में भी सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री जी! अपराधों पर शिकंजा कसने में असमर्थ साबित हो रहे गोण्डा के सक्षम अधिकारी

**परोक्ष रूप से कहीं सरकार की क्षवि को धूमिल करने की कोशिश तो नहीं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। पिछले कुछ दिनों से जनपद में हो रहे कई अपराधों पर शिकंजा कस पाने में सक्षम अधिका री अपराधियों की नकेल कानून की गिरफ्त में नहीं ले पा रहे हैं।चाहे जनपद में अवैध रूप से हो रहे नशे का कारोबार या फिर गोकशी का मामला हो, भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे का मामला हो,खु लेआम हो रहे खनन का मामला हो,पूरे जिले में स्थापित अवैध टैक्सी स्टैंडों का मामला हो,विभा गों में धन उगाही का मामला हो,या फिर नगर पालि का परिषद गोण्डा गुरु नानक चौराहे से गुड्डू माल चौराहे तक सड़क कि पटरी पर इंटरलॉकिंग हज रतगंज लखनऊ कि तर्ज पर बन रहे में भ्रष्टाचार याबीएसए के खिला फ उठ रहे मामले हों या फिर क ई अन्य लगभग ज्यादातर मामलों में संबंधित अधि कारियों की भूमिका संदिग्ध होने के बाद भी उत्तर प्रदेश सरकार को झूठी रिपोर्ट भेज कर जिला प्रशा सन द्वारा सिर्फ श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। जब कि लोगों की माने तो धरातल पर मामला कुछ औ र ही है।लोग बताते हैं कि जिले में बड़े पैमाने परसड़क के किनारे मांस बिक्री में पुलिस की बड़ी भूमिका बताई जा रही है।जिससे यह कारोबार दिन दूना रात चौगुन फलफूल रहा है।अपराधी इतने दबंग हैं कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बावजूद और सक्षम अधिकारियों के ढुलमुल रवैए के कारण घटना तक को अंजाम दे देते हैं।जिसमें ताजा उदाहरण गोंडा बलरामपुर रोड ओवर ब्रिज पुल के किनारे देखा भी गया।जो कि सरकार के आदेशों के क्रम में खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।यही नहीं बल्कि भांग की दुकान पर गांजा का कारोबार भी बड़े पैमाने पर होने की बात बताई जा रही है।सूत्र बताते हैं कि पुलिस धन उगा ही के तराजू पर अपराधियों को पकड़ और छोड़ रही है सच्चाइयों पर कुछ पुलिस वाले चुप्पी साध लेते हैं।जिसका खामियाजा ईमानदार पुलिस कर्मि यों अधिकारियों को भी भुगतना पड़ता है। हाल ये है कि कई मामले पुलिस अधीक्षक तक भी नहीं पहुंच पाते।जिले में बड़े पैमाने पर खनन होने के बाद भी बड़े मामलों को या तो नजर अंदाज कि या जा रहा है या फिर लीपापोती।आलम यह है कि नगर पालिका, संभागीय परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के द्वारा सरकार को खुली चुनौती देते हुवे जिलेभर में अवैध स्टैंडों के स्थापित होते हुवे राज स्व को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं।जबकि उक्त घटना ओं,अपराधों को रोकने के लिए सरकार ने सरकारी माध्यम से सक्षम अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती कर रखी है।

बावजूद लाखों करोड़ों रुपया वेतन के रूप में लेने वाले सक्षम अधिकारी, कर्मचा री आंख मूंदकर कर बैठे हैं।जो कि उत्तर प्रदेश सर कार के लिए भी चिंता का विष य है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि ऐसे हाला तों को पैदाकर व लगातार हो रही घटनाओं को लेकर सक्षम अधिका रियों,कर्मचारियों द्वारा परोक्ष रूप से कहीं मुख्य मंत्री की ईमानदार क्षवि को तारतार करने की कोशिश तो नहीं की जा रही।

# प्रभारी मंत्री ने इटियाथोक बाबागंज सड़क निर्माण का दिया आश्वासन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुला कात कर उनको इंटियाथोक बाबागंज रोड पर आमंत्रित किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शि वम पाण्डेय ने बताया कि कई दिनों से हम लोग रोड निर्माण को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन सुन नहीं रहा है अभी जल्द में माननीय मंत्री जी के द्वारा गोंडा का दौरा किया गया था और वो गोंडा के प्रभारी मंत्री भी हैं जब उनसे मीडिया के द्वारा बाबागंज रोड के विषय को लेकर प्रश्न पूछा गया तो उनको कुछ पता ही नहीं था वह रोड का नाम भी उनको नहीं पता था जिस जिले के प्रभारी मंत्री हैं अगर उसे जिले की भौगोलिक या वहां पर क्या समस्या चल रही है नहीं पता है तो दुर्भाग्य का विषय है आज इसी विषय को लेकर उनके आवास पर मिलकर इस गड्ढे वाली रोड पर उन्हें आमंत्रित किया गया है कि एक की एक बार इस रोड पर आप सफर करके देखें फिर आपको लगे की रोड निर्माण आवश्यक है तभी आप रोड का निर्माण करें प्रभारी मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा है कि इस विषय पर डीएम से वार्ता हुई है और रोड निर्माण का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाएग।

# एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं, शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिलेभर के सभी थानों में शनिवार को था ना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जि समें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।जहां सभी थाना प्रभारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू की पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल स्वयं कोतवाली नगर पहुंचे और वहां पर मौजूद फरियादियों से संवाद किया। उन्हों ने जनता की समस्याओं सुना और समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।एसपी विनीत जयसवाल ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथ मिकता है।किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।थाना समाधान दिवस में अधिकां श शिकायतें घरेलू हिंसा,आपसी रंजिश से जुड़े मा मले,राजस्व संबंधी विवाद की शिकायतें मिली।कोतवाली नगर में जनसुनवाई के दौरान आठ शि कायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है।इसी प्रकार सम स्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के थानों पर व प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया है इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी व कर्मचा रीगण उपस्थित रहे ।

# चचेरे भाई ने रेप कर छः वर्षीय मासूम को मार डाला, शव नहर में फेंका

**पुलिस ने 5 घंटे बाद आरोपी को एनकाउंटर में किया गिरफ्तार**

**पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की कमान अपने हाथों में लेते हुए घटना का किया खुलासा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र जहां 6 साल की मासूम से चचेरे भाई ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। बता दे कि शव गांव से कुछ दूर नहर में फेंक दिया गया। शुक्रवार शाम बच्ची का निर्वस्त्र शव हालत में नहर में पड़ा मिला। पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लोगों और परिजनों से मामले की जानकारी ली। आरोपी की तलाश में टीम बना दी गई। शव मिलने के 5 घंटे बाद शुक्रवार शाम को पुलिस ने आरोपी चचेरे भाई को एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। कहा– उसे डर था बच्ची कहीं ये बात किसी को बता न दे, इसलिए मार डाला। आपको बताते चलें कि बच्ची किसान परिवार की बेटी थी। वह माता–पिता के साथ गांव में ही रहती थी। गुरुवार रात वह घर के पास हैंडपंप से अपने दादा के लिए पानी लेने गई थी, लेकिन इसके बाद वह नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रात भर बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार शाम गांव से करीब 500 मीटर दूर एक पुलिया के पास नहर में उसका शव दिखाई दिया। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। बच्ची की मां बेसुध हो गईं। शव निर्वस्त्र हालत में था और चेहरे व गले पर चोट व रगड़ के गहरे निशान थे, जिससे रेप के बाद हत्या की आशंका और भी मजबूत हो गई। फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, एसओजी और सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की। अज्ञात खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एसपी दीपक भूकर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की कमान खुद संभाली। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गांव के ही कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ शुरू की। इसमें बच्ची के चचेरे भाई रवि शंकर का नाम सामने आया। वह गांव में जन सेवा केंद्र चलाता था। शुक्रवार देर रात पुलिस ने जब रवि शंकर को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की और पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि यह घटना अत्यंत ही संवेदनशील और गंभीर है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट, हत्या और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर जल्द से जल्द सख्त से सख्त सजा दिलाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस केस की निगरानी वह स्वयं कर रहे हैं और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि पुलिस की अलग–अलग टीमें इस केस की जांच में लगी थीं। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम की मदद से सुराग जुटाए गए और इन्हीं के आधार पर आरोपी तक पुलिस पहुंच पाई।

# बाग में आम बीनने गई आठ साल की दलित बच्ची का मिला शव

**बच्ची के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में आठ साल की एक दलित बच्ची की लाश मिली है। बच्ची सुबह दस बजे आम बीनने गई थी।इसके बाद से गायब हो गई।परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला।दोपहर बाद गांव के कुछ लोगों ने गांव के बाहर झाड़ियों में एक बच्ची का शव देखा जिस की पहचान लापता बच्ची के रूप में हुई,बच्ची का शव मिलने की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए, गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मौके के लिए रवाना हो गए हैं।उनके साथ डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच रही है, ताकि हर छोटे से छोटे सबूत को इकट्ठा किया जा सके। प्रारंभिक जांच में बच्ची की हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना कौड़िया बाजार के नेवादा हाशिमपुर गांव की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में डर का माहौल है और लोग जल्द से जल्द सच्चाई सामने आने की उम्मीद कर रहे हैं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही बच्ची की मौत का असली कारण और उसके साथ हुए संभावित अपराध का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। यह घटना जिले में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है।एसपी बोले- खुलासे के लिए पांच टीमें गठित एस विनीत जायसवाल ने बताया- आज कौड़िया बाजार पुलिस को सूचना मिली कि नेवादा हाशिमपुर एक आम के बाग में आठ वर्षीय बच्ची का शव बरामद हुआ है। यह बच्ची आम के बाग में आम बीनने के लिए शनिवार को सुबह दस बजे नि कली थी।शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा क राकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।इस घटना के खुलासे के लिए कुल पांच टीमों का गठन किया गया है जल्द ही पूरी घटना का खुलासा कि या जाएगा।

# हज के लिये जुलाई के द्वितीय सप्ताह से शुरू हो जाएगा ओवदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हज पॉलिसी 2026 की घोषणा के पश्चात ऑनलाइन हज आवेदन, हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट हजकमेटी डाट जीओवी डाट इन व हज सुविधा ऐप पर माह जुलाई 2025 के द्वितीय सप्ताह से उपलब्ध कराया जायेगा। हज-2026 के लिए पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा तथा पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है। ऐसे व्यक्ति जो हज-2026 के लिए पासपोर्ट का ओवदन कर रहे हैं उन्हें सुझाव दिया गया है कि नुसुक पोर्टल की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने पासपोर्ट में सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़ें। इच्छुक हज यात्रियों को प्रथम किश्त के रूप में रू. 1.5 लाख की आवश्यकता होगी।यह जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने इच्छुक हज यात्रियों को सुझाव दिया है कि वे हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार अपने पासपोर्ट सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियाँ जैसे पासपोर्ट की वैधता, मशीन पठनीयता तथा सरनेम/लास्ट नेम की पूर्णता आदि समय से सुनिश्चित कर लें।

# नानपारा के आर.ए.एस. हॉस्पिटल में पहली बार हुई जटिल ब्रेन सर्जरी, मरीज को मिला नया जीवन

**नानपारा के आर.ए.एस. हॉस्पिटल में पहली बार हुई जटिल ब्रेन सर्जरी, मरीज को मिला नया जीवन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आर.ए.एस. मेडिसिटी हॉस्पिटल, भोपतपुर बेलवा, नानपारा में एक जटिल ब्रेन सर्जरी (न्यूरोसर्जरी) का सफल ऑपरेशन किया गया। न्यूरोसर्जन डॉ. शिवम मदेशिया ने बताया कि यह ऑपरेशन बहुत संवेदनशील था, लेकिन हमारी टीम की मेहनत और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के सहयोग से हम मरीज की जान बचाने में सफल रहे। इस सफलता के बाद मरीज की स्थिति अब स्थिर और संतोषजनक है, और वह तेजी से स्वस्थ हो रहा है। आर.ए.एस. मेडिसिटी हॉस्पिटल की यह उपलब्धि क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में एक बड़ा कदम है। इससे स्पष्ट है कि अब जटिल न्यूरोलॉजिकल ऑपरेशन जैसे इलाज के लिए मरीजों को महानगरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं रह गई है। स्थानीय लोगों और मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस अस्पताल ने नानपारा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। ऑपरेशन के दौरान आर.ए.एस. मेडिसिटी के एमडी डॉ. अरशद सिद्दीकी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने सह चिकित्सक के रूप में इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सहयोग प्रदान किया। यह उपलब्धि न केवल आर.ए.एस. मेडिसिटी हॉस्पिटल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे बहराइच जिले के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है कि अब जटिल न्यूरोसर्जरी जैसे ऑपरेशन भी जिले में ही मुमकिन हैं।

# नैतिकता के संदेशवाहक बने मिस्टर इंडिया, मिला राष्ट्रीय सम्मान



गोंडा। विकास खंड परसपुर के ग्राम हरदिहा सपौर निवासी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया को उनकी विशिष्ट जादूई प्रतिभा और समाज में नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए राष्ट्रीय नैतिकता सम्मान से नवाजा गया है।यह सम्मान उन्हें भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त त्रेतायुग फाउंडेशन नीत आयोग के माध्यम से प्रदान किया गया।जादू की दुनिया में मिस्टर इंडिया ने अपने हैरतअंगेज करतबों और अनोखी प्रस्तुति यों से देश-विदेश में एक विशेष पहचान बनाई है। वे अब तक दो सौ से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।इस हालिया सम्मान के साथ उन्होंने न केवल अपने प्रदेश उत्तर प्रदेश, बल्कि जनपद गोंडा का भी नाम रोशन किया है।इस उपलब्धि पर ग्राम हरदिहा सपौर में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल दुबे, सहदेव चौहान, मुंशी, अजय शुक्ला प्रधान, विजय सिंह, विनोद पांडेय 'काका', और डॉ. दलजीत सिंह समेत क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# डीएम के औचक निरीक्षण में बन्द मिले सामुदायिक शौचालय , स्कूल, आंागनबाड़ी केन्द्र व पंचायत भवन

**एडीओ पंचायत, सचिव व सफाई कर्मी का अग्रिम आदेशों तक बाधित हुआ वेतन**

**तीन दिवस में सम्बन्धित को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिये गये निर्देश**

**बन्द विद्यालयों के सम्बन्ध में बीएसए कारण सहित प्रस्तुत करें आख्या**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम फुलवरिया में आरोग्य मंदिर व आंगनबाड़ी केंद्र, ब्लाक रिसिया के ग्राम लौकी के सामुदायिक शौचालय, ग्राम बिबियापुर के आंगनवाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय, ग्राम भोपतपुर चौकी में सामुदायिक शौचालय, ग्राम खुदादादभारी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा ग्राम बंगलाचक में पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। ग्राम फुलवरिया में संचालित आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान सी.एच.ओ. सारिका गुप्ता मौके पर मौजूद मिली। जबकि परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई न पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि भवन व परिसर की पर्याप्त साफ-सफाई करायी जाय तथा आरोग्य मन्दिर में आने वाले ग्रामवासियों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। मरीज़ों के बारे में जानकारी करने पर सी.एच.ओ ने बताया कि 05 मरीज़ों का उपचार किया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि मरीज़ों का विवरण पोर्टल पर अद्यतन रखा जाय। निरीक्षण के दौरान ग्राम फुलवरिया का आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द पाया गया।ग्राम लौकी में सामुदायिक शौचालय बन्द पाया गया तथा ग्राम बिबियापुर का आंगनवाड़ी केंद्र खुला हुआ था। जबकि प्राथमिक विद्यालय बन्द पाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री से डीएम ने बच्चों की उपस्थिति तथा पुष्टाहार वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिया कि घर-घर जाकर लाभार्थियों का केवाईसी व फ़ेस एथेंटीफिकेशन की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान ग्राम बिबियापुर का प्राथमिक विद्यालय भी बन्द पाया गया। इसी प्रकार ग्राम भोपतपुर चौकी में स्थापित सामुदायिक शौचालय, ग्राम खुदादादभारी का पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा ग्राम बंगलाचक में स्थापित पंचायत भवन भी निरीक्षण के दौरान बन्द पाया गया।निरीक्षण के दौरान बन्द पाये गये विद्यालयों के सम्बन्ध में डीएम ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से बन्द स्कूलों के सम्बन्ध में स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार सामुदायिक शौचालयों एवं पंचायत भवनों में ताले लटके पाये जाने का कड़ा संज्ञान लेते हुए अग्रिम आदेशों तक सम्बन्धित एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, सफाई कर्मी व अन्य सम्बन्धित को वेतन बाधित करने का तथा 03 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सचेत किया है कि सम्बन्धित का स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने पर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई संचालित की जायेगी। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया है कि बन्द शौचालयों के सम्बन्ध में केयरटेकर का स्पष्टीकरण प्राप्त करें।

# खेत में चारा काटने गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कोतवाली कैसरगंज के ग्राम मंगल मेला पांडे पुरवा निवासी रीना यादव पत्नी सहजराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत**

कैसरगंज, बहराइच। रीना पत्नी सहजराम आज शनिवार दिनांक 28 जून समय करीब 1 बजे अपने घर के पास ही खेत में जानवरों को चारा खिलाने के लिए चरी काटने गई थी। मृतका रीना पत्नी सहजराम को काफी देर हो जाने के बाद भी जब वह अपने घर नहीं लौटी तो परिजनों ने रीना की तलाश शुरू कर दी रीना को तलाशते हुए परिजनों को घर के पास मौजूद चारा काटने के खेत में रीना का शव पड़ा मिला।मौके से रीना के पास मौजूद मोबाइल गायब है , रीना के चेहरे कंधे और हाथो पर कई गहरी चोटे मिली। परिजनों का आरोप है कि अज्ञात लोगों ने रीना का गला दबाकर हत्या कर दी है। घटना के संबंध में परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया देहात क्षेत्र के होने के कारण महिलाएं व गांव देहात के लोग अक्सर जानवरों का चारा खिलाने के लिए चरक काटने के लिए खेत की और जाती हैं, ऐसे में किसी अराजक तत्व द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है।परिजनों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचित कर दिया है, जिससे स्थानीय पुलिस कैसरगंज मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर अन्त्यपरीक्षण के लिए बहराइच जिला अस्पताल भेज दिया।

# उर्वरक विक्रेताओं ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । आल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को व्यापारियों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है और जिला कृषि अधिकारी कार्यालय पर हमारी मांगें पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो जैसे नारे लगाकर विरोध जताया गया है। आल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सुधांशु शुक्ला, राम किशोर त्रिवेदी, उमा शंकर शुक्ला, गौरव सिंह ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन में लिखा है कि उर्वरक निर्माता कम्पनियों द्वारा यूरिया दो सौ बयालीस रूपये से लेकर दो सौ छियालिस रुपये तक होलसेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर भाड़े के रूप में होलसेलर को कम्पनियों द्वारा चार से पांच रुपया प्रति बोरी दिया जा रहा है जबकि मौजूदा समय में भाड़े के रूप में तीस चालीस




रुपया प्रति बोरी आ रहा है और इसके अतिरिक्त लोडिंग अनलोडिंग का भी दस रुपया प्रति बोरी अलग से चार्ज लग रहा है। उन्होंने लिखा है कि भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी उर्वरक की आपूर्ति विक्रेता दुकानदार तक पहुंचता होना चाहिये लेकिन कोई कम्पनी तैयार नही है और इसके अलावा सभी कम्पनियों द्वारा चालीस प्रतिशत की ट्रैटिंग अन्य उत्पाद पर भी जबरन किया जा रहा है जिससे थोक दुकानदारों की लागत बढ़ती जा रही है। जिसके कारण फुटकर दुकानदारों की खरीद मंहगी होती जा रही है जबकि सरकार द्वारा किसानों को यूरिया का मूल्य दो सौ छांछठ रुपया पचास पैसा निर्धारित किया गया है। जिसके कारण सभी फुटकर दुकानदारों का नुकसान हो रहा है। उर्वरक व्यापारियों ने कहा कि कम्पनियों द्वारा थोक विक्रेताओं पर जबरन टैगिंग बंद की जाय ताकि फुटकर दुकानदार इस समस्या से निजात पा सकें। कम्पनियों द्वारा दिये जा रहे पुराने किराये को मौजूदा किराये में परिवर्तित कराया जाय।फुटकर दुकानदारों की भी मार्जिन को बढ़ाया जाय इसके लिये उनके भी खरीद मूल्य को निर्धारित किया जाय। आल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लिखा है कि ज्ञापन के माध्यम से उर्वरक व्यापारियों की समस्याओं से आपको अवगत कराना उददेश्य था अतएव आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि आप व्यापारियों की उपर्युक्त समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कराकर उन्हें ससम्मान जीवनयापन करने का अवसर प्रदान करेंगे जिससे वे किसानों की मद सरकार की नीतिओं के अनुरूप कर सकेंगे।

# विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा गांव केसरपुर कला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड में एक ऐसा गांव जो विकास के नाम से जाना जाता है। बीते कुछ सालों पहले पिछड़ेपन से गांव परेशान था। जहां गांव के प्रधान अनीस खा गुड्डू की कड़ी मशक्कत के बाद सरकार की विभिन्न विकास कार्यों की योजनाओं को गांव के विकास के लिए लाया गया है।जहां गांव के शिक्षित मृदुलभाषी प्रधान अनीस खा गुड्डू ने यहां की तस्वीर ही बदल दी। अब अभावों के अंधियारे को मिटाकर बच्चे, बूढ़े और जवान सभी विकास की ऊंचाइयों को छू रहे हैं। गांव का पंचायत घर डिजिटल है।अन्य कार्य हाइटेक है।

गांव के कई कार्य आकर्षण का केंद्र बिंदु है।हर आम और खास को आकर्षित करता है। ऐसा है। रुहेलखंड का जिला पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक का गांव केसरपुर कला का विकास। जहां ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की पूरनपुर ब्लॉक में ही नहीं बल्कि पूरे



जनपद में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। ग्राम पंचायत केसरपुर कला प्रधान अनीस खा गुड्डू ने गांव के विकास के लिए अत्यंत सराहनीय कार्य किए। ग्राम प्रधान अनीस खा गुड्डू की लगनशीलता ने गांव को विकास की ओर अग्रसर किया है।उनके कार्यों से गांव के ग्रामीण आज खुश हैं। ग्राम पंचायत केसरपुर कला में स्वच्छता,शुद्ध पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,आवास, खेल, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड निर्माण,जल संरक्षण, टीकाकरण,गोवंश संरक्षण, विरासत संरक्षण,ओपेन व इंडोर जिम,घर-घर से कूड़ा संग्रहण,मोहल्ला पार्क,आठवीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा जैसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य ग्राम पंचायत केसरपुर कला के ग्राम प्रधान ने अपनी पंचायत में किए हैं। गांव में विकास कार्यों की नई इबारत लिखी है।जिसकी प्रशंसा चारों तरफ हो रही है।लोगों का कहना है कि अन्य प्रधानों को केसरपुर कला के प्रधान से सीख लेनी चाहिए। ताकि केसरपुर कला गांव की तरह प्रत्येक गांव केसरपुर कला की तरह दिख सके। ग्राम प्रधान द्वारा किए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान का कहना है। कि अभी कुछ कार्य अन्य प्रस्तावित हैं। उनको भी अमली जामा पहनाने का कार्य करेंगे बिना भेदभाव विकास किया है। और आगे भी विकास करते रहेंगे।

# बीडीओ के विदाई समारोह में जनप्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जायस अमेठी । विकास खण्ड बहादुरपुर में खण्ड विकास अधिकारी विजयंत सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विजयंत सिंह के प्रशासनिक कार्यों की सराहना की उनके सहज सरल व्यवहार और क्षेत्र के विकास के लिए किये गये प्रयासों को याद किया गया। समारोह में उन्हें कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह उपहार भेंट किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। बीडीओ विजयंत सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अनुभवों और यादों को साझा किया। विदाई समारोह में बीडीओ विजयंत सिंह ने कहा की बहादुरपुर ब्लाक में उनका कार्यकाल यादगार रहेगा उन्होंने आश्वासन दिया की नई तैनाती पर भी ईमानदारी और निष्ठा से काम करेंगे। पूर्व ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर रमेश कुमार सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि विजयंत सिंह ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता से किया।इस मौके पर प्रधान सराय महेशा आदित्य कुमार पाण्डेय,धीरज सिंह, संजय सिंह, एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

# शारदा पार पहुंचे प्रभारी मंत्री नवनिर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन एवं अन्नापूर्णा भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

**क्षेत्र की समस्याओं का किया जाएगा समाधान, पात्रों को दिलाया जाएगा योजनाओं का लाभ : बलदेव सिंह औलख**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जनपद के प्रभारी मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उ0प्र0 सरकार श्री बलदेव सिंह औलख द्वारा विकासखण्ड पूरनपुर की ग्राम पंचायत बैल्हा पहुंचकर नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान एवं बहुउद्देशीय पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर कार्य रही है। पंचायत भवन के निर्माण होने से अब आप लोगों को तहसील एवं विकासखण्ड नहीं जाना पडेगा, पंचायत भवन से पंचायत सहायक के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फार्म भरकर योजना का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही राशन हेतु लेने हेतु दूर नहीं जाना पडेगा आपको यहीं पर अन्नापूर्ण भवन से राशन उपलब्ध हो जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा जमीन का मालिकाना हक,पट्टा देने, सड़क निर्माण, इंटर कॉलेज



व अस्पताल की मांग की गई। मंत्री ने कहा कि किसानों को जमीन का पट्टा दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। बेल्हा व टाटरगंज में इंटर कॉलेज की मांग पर उन्होंने कहा कि कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में अस्पताल की मांग पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि भरतपुर हजारा में 30 बेड का अस्पताल तैयार है जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी निर्माण करवाया जाएगा। मा. प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्रों को मकान का हक दिलाने का कार्य करेंगे इस योजना के अंतर्गत सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है इस सर्वे के अतिरिक्त और सर्वे कराकर जरूरतमंदों को मकान देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड, शौचालय, कृषि से संबंधित योजनाएं व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को आप तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ है। हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।आर्थिक रूप से दुर्बल व्यक्ति को किसी न किसी सरकारी योजना का लाभ अवश्य दिलाया जाएगा। पुल का निर्माण हो जाने के बाद क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन आसान होगा जिससे क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी।कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी ने मा0 मंत्री जी को आश्वस्त करते हुये कहा कि आपके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव,जिला पंचायत अध्यक्षा प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह, ग्राम प्रधान, कार्यक्रम के आयोजक गुरूदयाल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सपा नेता राजकुमार राजू के कैम्प कार्यालय पहुँचे विधान परिषद सदस्य हुआ भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं।सभी विधानसभाओं मे बूथ स्तर तक पर जानकारी जुटाई जा रही है। इसी क्रम मे जिलों मे वरिष्ठ नेताओं के आंने का क्रम जारी हो गया है। इसी क्रम मे जनपद पीलीभीत मे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विधान परिषद सदस्य एवं नेता उप सदन विधान परिषद मोहम्मद जासमीर अंसारी का आगमन सपा नेता एव सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' के कार्यालय पीलीभीत मे पहुँचे जहां सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने अपने समर्थको के साथ शाल उड़ाकर एव माल्यार्पण कर स्वागत किया इस दौरान विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ता मतदाता सूचियों में नाम बढ़ाने व ग़लत नामों को काटने हेतु सूचियों का अवलोकन करें मतदाता सूचियों में संशोधन हेतु बीएलओ अथवा उपज़िलाधिकारी से शिकायतें करें समाजवादी पार्टी पदाधिकारी आमजन से मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकारों में जिले की चारो विधानसभा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की चर्चा एवं भाजपा सरकार में किसानों, मज़दूरों, युवाओं, छात्रों के साथ हो रहे अन्याय, उत्पीड़न की घटनाओं की भी चर्चा लोगों में करें।इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ छात्र नेता नोमान अली वारसी,जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद,दाताराम,मुजीब खा,बसंत भारती,आकाश आदि सपा कार्यकर्ताओं की उपस्तिथ रहे।

# महिला थाना पुलिस ने जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं को जागरूकता का पाठ पढ़ाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । महिला थाना पुलिस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुये जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली (जनसुनवाई, सीसीटीएनएस, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर व आगन्तुक रजिस्टर आदि अभिलेखों एवं विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा की जा रही ड्यूटी) के संबन्ध में जागरूक किया गया।छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया।छात्राओं को विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पॉवर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइऩ, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं थाने की एण्टीरोमियों टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिला उत्पीड़न एवं छेड़छाड़ की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु संदिग्धों की चेकिंग के संबन्ध में जानकारी दी गई ।

## एमपी के सीएम के ससुर का आईसीयू में पहुंचकर लिया हालचाल

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के 98 वर्षीय ससुर व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता ब्रह्मादीन यादव गंभीर अवस्था में सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती हैं। उन्हें देखने के लिए शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा सुलतानपुर मेडिकल कालेज के आईसीयू वार्ड पहुंचे। जहां उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के ससुर का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने परिजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान सीएमएस डॉ आरके मिश्रा भी मौजूद रहे। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के ससुर आईसीयू के बेड नवम्बर 332 में भर्ती हैं। आपको बताते चलें कि मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव की शास्त्रीनगर के विवेकानन्द नगर में ससुराल है। उनके ससुर ब्रह्मादीन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुराने कार्यकर्ता हैं। उनको सांस व पेट की दिक्कत होने पर 24 जून को राजकीय मेडिकल कालेज में एडमिट कराया गया था। इस समय उनकी तबीयत सामान्य बनी हुई है।

## थाना जामो में आयोजित समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जामों थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी संजय चौहान ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी पोषाहार उत्पादन इकाई शहबाजपुर का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संरक्षित एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित जागृति माइक्रो इन्टरप्राइजेज आंगनबाड़ी पोषाहार उत्पादन इकाई शहबाजपुर गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीसी एनआरएलएम से प्रतिदिन पोषाहार उत्पादन की जानकारी ली तथा उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए एवं उत्पादित पोषाहार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण हेतु नियमित रूप से पहुंचाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पोषाहार उत्पादन इकाई पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था रखी जाय तथा गुणवत्तापूर्ण पोषाहार का उत्पादन किया जाय।इस दौरान जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन इकाई पर मौजूद समूह की महिलाओं से भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन के लिये कच्चे माल के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि पोषाहार बनाते समय शुद्धता व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाय इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाय अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने पोषाहार उत्पादन से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक वितरण के संबंध में पूरी प्रक्रिया की जानकारी डीसी एनआरएलएम से ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इकाई परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# तालाब से अवैध कब्जा हटाया गया जेसीबी से कराई गई कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। ग्राम उमरभार जियापुर, थाना कूरेभार स्थित गाटा संख्या 513 रकबा 0.038 हेक्टेयर तालाब से अवैध कब्जा हटाया गया। गाँव के बब्बन प्रसाद पुत्र साधूराम यादव द्वारा तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पाट दिया गया था। इसको लेकर ग्रामवासी राम जस यादव ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर के आदेश पर राजस्व निरीक्षक फुलौना सत्य नारायण यादव ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटवाया। इस कार्रवाई के दौरान हल्का लेखपाल देवमणि उपाध्याय, पदुमरा के लेखपाल विपिन यादव, कूरेभार थाने से उपनिरीक्षक गिरिजेश, सिपाही प्रदीप, शहजाद तथा महिला सिपाही भी मौजूद रहीं। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष देखा गया।

# पर्यावरण प्रेमी बने परिषदीय विद्यालय के अध्यापक, लगातार विद्यालय को हरा-भरा बनाने का कर रहे हैं प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत गढ़ा कला में स्थित कंपोजिट विद्यालय के नोडल संकुल टीचर हुकुम सिंह लगातार पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।नोडल संकुल टीचर हुकुम सिंह पौधरोपण,पर्यावरण संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने और विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र और छात्राओं को टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे कार्यों का निर्वाह बखूबी निभा रहे हैं।पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में नोडल संकुल टीचर हुकुम सिंह का काफी योगदान है।गांव और विद्यालय में लगातार नोडल संकुल टीचर हुकुम सिंह पर्यावरण को जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। नोडल संकुल टीचर हुकुम सिंह छात्र



और छात्राओं सहित अन्य समुदाय को पर्यावरण प्रदूषण के प्रकारों और उनके प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हैं।साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हैं। वृक्षारोपण को बढ़ावा देना देने के लिए लगातार प्रयासरत रहते है।नोडल संकुल टीचर हुकुम सिंह लगातार कंपोजिट विद्यालय परिसर में पौधरोपण के कार्यक्रमों का आयोजन किया करते रहते है। जिससे पर्यावरण में हरियाली बढ़ती रहे और प्रदूषण कम होता रहे।साथ ही नोडल अध्यापक छात्र और छात्राओं को पानी और ऊर्जा के कुशल उपयोग, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग,सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और रीसाइक्लिंग जैसी टिकाऊ प्रथाओं के बारे में सिखाते रहते हैं।विद्यालय को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं। साथ ही अपने जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक सेवा दिवसों में पेड़ लगाना या जागरूकता अभियान चलने का कार्य भी लगातार कई वर्षों से करते चले आ रहे हैं।

# प्रकृति का पर्यावरण

जनता सत्ता के राष्ट्रवाद में सराबोर है, लेकिन क्या वह उतना ही समाज में किए जाने वाले रचनात्मक कार्यों के प्रति भी सजग है? समाज ने अपने रचनात्मक कार्य भी सत्ता के भरोसे छोड़ दिए हैं। आज हमारा धर्म, हमारा व्यवहार व व्यापार और हमारे पर्यावरण तक को सत्ता ही परिभाषित कर रही है। यहां तक कि हम अपने हर विचार व व्यवहार के लिए सत्तानीति पर आश्रित हैं। डबल इंजन सरकार का सिंगल अजेंडा यही है कि सत्ता कायम कैसे रखी जाए। क्यों हर साल एक बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाकर साल भर प्रकृति के साथ सहजीवन का तिरस्कार होता रहता है? इस साल भी यही हुआ। समाज में विकास की तेज रफ्तार के लिए जनता द्वारा किए जाने वाले रचनात्मक कार्यक्रमों को फिर भुलाया गया। सत्ता तेज रफ्तार के विकास का स्वांग तो जनता को भरमाने या हैरान करने के लिए रचती है। आज हर तरफ मंडराते युद्ध के कारण जो जीवन, धन व वन का क्षय हो रहा है उसमें सत्ता के कुछ सिरफिरों के लिए हमारा पर्यावरण नगण्य हो गया है और हमने भी पर्यावरण के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भुला दिया है। हम भी तेज विकास की रफ्तार में अपनी गाड़ी को दौड़ाते हुए पर्यावरण की अनदेखी और उत्तरदायित्व की नासमझी कर रहे हैं। उसे ही विकास मान रहे हैं। जो भी हमारे इस तेज रफ्तार विकास के आड़े आ रहा है उसको हम जलवायु परिवर्तन के बहाने से छुपाने, ढांकने में लगे हैं। खबर आई कि हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल कसौल के जंगलों में पर्यटन से उपजा, आसपास के कई सौ होटलों का कचरा जंगल के मुहाने पर डाला जा रहा था। सवाल उठे तो उस कचरे को कई ट्रकों में भरकर संरक्षित जंगल के और अंदर बेशर्मी से ले जाकर छुपाया गया। उस पर मिट्टी डाल दी गयी। शहरों में तो ऐसे कचरे के पहाड़ बन ही रहे हैं, मगर अब पहाड़ों में भी कचरे के शहर बनने की शुरुआत हो गयी है। सुविधा संपन्न सत्ता ऐसे ही विकास के नाम पर समाज को ठगती व लूटती है। हम आज इतना कचरा पैदा कर रहे हैं जितना सहेज नहीं सकते। कचरा हम कर रहे हैं और उसको सहेजने का जिम्मा दूसरों पर डाल रहे हैं। क्या सत्ता के लिए पर्यटन ही एक मात्र विकास का पैमाना हो गया है? हमारे शहरों को ड्रीम सिटी बनाने का सपना दिखाया गया। भारत में ही लंदन, पेरिस, न्यूयॉर्क व सिंगापुर बनाने का वादा किया गया। इसके लिए हर बड़े शहर के मुहाने पर कचरे के पहाड़ खड़े कर दिए गए। मानें या न मानें, सपनों के शहर की आकांक्षा में हमारे पर्यावरण का संकट हमने ही रचा है। हमारे द्वारा किए गए कचरे से हमारी सेवा करने वाले हमारे लिए नए पहाड़ बना रहे हैं। हम उन पहाड़ों को अनदेखा कर, छोड़कर हिमाचल, उत्तराखंड, कश्मीर व अन्य जगहों के पहाड़ों पर पर्यटन करने जा रहे हैं। हम एक तरफ अपनी नदियों में औद्योगिक कचरा जाने दे रहे हैं और दूसरी तरफ, पहाड़ों की नदियों का सौंदर्य भोगना चाहते हैं। वहां के तालाब, ताल व झरने देखने जाते हैं और अपने यहां इन्हीं में कचरा भरने व इन पर मॉल बनने दे रहे हैं। सत्ता ने भी इन्हीं दूरदराज के स्थानों को पर्यटन के पैसे व आय से देखना शुरू कर दिया है। आज प्रतिवर्ष 6.2 करोड़ टन कचरा पैदा करते हैं जिसमें से मुश्किल से 20 प्रतिशत को ही वैज्ञानिक तरीके से सहेजा जा रहा है। इसी तेज रफ्तार विकास के सपने के कारण हम अपनी समस्याओं को जलवायु परिवर्तन के बहाने से छुपाते हैं। सृष्टि के इतिहास में ऐसा कोई समय दर्ज नहीं है जब जलवायु परिवर्तन नहीं हो रहा हो या न हुआ हो। परिवर्तन ही सृष्टि की परंपरा रही है। आज बस उसकी गति हमारी लालसा के कारण तेज हो गयी है। यही तेज रफ्तार लालसा या आकांक्षा सृष्टि के हर पहलू को प्रभावित कर रही है। सांस लेने वाली हवा से लेकर बदलते मौसम तक को हम देख रहे हैं, मगर क्या समझ भी पा रहे हैं? सबसे पहले महात्मा गांधी ने ही आगाह किया था, धरती पर सभी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, मगर एक के भी लालच के लिए कम है। क्या इस विचार पर विश्व पर्यावरण दिवस मनता है? वर्षों पहले प्रकृति के प्रति संवेदना व आभार प्रकट करने का यह धार्मिक मंत्र मन में चलता व बना रहा है। अगर हम ऐसे जीते हैं कि हमारे जीने के मायने हैं और उससे कोई अहित नहीं हो रहा, तो कोई चिंता की बात नहीं, लेकिन अगर हम ऐसे जीते हैं कि हमारे जीने के कोई मायने नहीं हैं और अहित भी हो रहा है, तो निश्चित रूप से समाज में डर और गहन चिंतन होना ही चाहिए।

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

**भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है। भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है।**

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है। भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रूकना चाहिए। निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है। उन्होंने उन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। उनका मानना था कि एससीओ आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाने के बजाय इसको प्रश्रय देने वाले देशों की आलोचना करे, आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम में निष्पक्ष बने। यह भी अच्छा हुआ कि रक्षामंत्री इस पर भी अड़े रहे कि एससीओ में आतंक का समर्थन करने वाले देशों की निंदा एवं भर्त्सना होनी चाहिए। इसका अर्थ था कि पाकिस्तान को बख्शा न जाए, लेकिन चीन ने आशंका के अनुरूप ढिठाई एवं बदनियत ही दिखाई। चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा। भारत को यह भी देखना होगा कि विस्तार ले रहे इस संगठन में अपनी महत्ता कैसे स्थापित करे। यह ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने रवैये के कारण चीन भारत से संबध सुधारना चाहता है और कुछ मामलों में अपना रुख बदलने के लिए विवश भी हुआ है, पर इसका यह मतलब नहीं कि वह भारत के हितों की अनदेखी करे या फिर अमेरिका एवं पश्चिम के अन्य देशों की तरह आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए और आतंक के समर्थक पाक का सहयोग एवं समर्थन जारी रखे। भारतीय नजरिये से देखें, तो अमेरिका और चीन, दोनों ही भारत में आतंकवाद के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। भूलना नहीं चाहिए, पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाक सैन्य जनरल का अपने भवन में भोज के साथ स्वागत किया है। ऐसे घटनाक्रमों से भारत के लिए संदेश साफ है कि वह आंतरिक स्तर पर आतंकियों के लिये अपने संघर्ष को तीखी धार दे। भारत को अपनी आर्थिक एवं सैन्य ताकत बढ़ानी होगी, तभी आतंकवाद को कुचला जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ उसे अकेले की संघर्षरत रहना होगा। दरअसल, एससीओ सम्मेलन में भारत चाहता था कि अंतिम दस्तावेज में आतंकवाद को लेकर भारतीय चिंताओं को जगह दी जाए। इसीलिये सम्मेलन में रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की तार्किकता को बताया और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना दुनिया के सामने स्पष्ट थी और दुनिया के तमाम देशों ने इसकी निंदा भी की। इसी से दो देशों के बीच युद्ध की नौबत आ गई, एससीओ सम्मेलन में उस हमले को तवज्जो न देने की रणनीति दरअसल हकीकत के साथ मखौल एवं दौगलापन है। लेकिन सम्मेलन में रक्षामंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन में कही उन बातों को ही विस्तार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को कभी पुरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह आश्चर्य जताया था कि आतंक के अपराधियों और इसके पीड़ितों को एक तराजू में कैसे तोला जा सकता है? यह कड़ा संदेश प्रधानमंत्री ने अमेरिका को दिया था। पाक और उसके करीबी सहयोगियों के नापाक इरादों को दुनिया को बताने तथा भारत की बात हर देश तक पहुंचाने के लिए भारत ने बहु-पक्षीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर में भेजे। लेकिन पाक के सदाबहार दोस्त चीन के दबदबे वाले एससीओ सम्मेलन में पाक के आतंकी मनसूंबों को लेकर स्पष्ट नजरिया बनना जरूरी है। एससीओ की घोषणा में अगर यह आरोप लगाया गया है कि बलूचिस्तान की गड़बड़ी में भारत शामिल है, तो फिर भारत को ज्यादा कड़ा रुख अख्तियार करने की जरूरत है। ऐसे झूठे एवं भ्रामक तथ्यों का प्रतिकार जरूरी है। ऐसे झूठ को फैलाकर ही पाक दुनिया से सहानुभूमि जुटाता रहा है। इसलिये किसी भी ऐसे विश्व स्तरीय सम्मेलन में अपनी बात भी पुरजोर ढंग से तथ्यपरक तरीके से रखनी चाहिए। वहां पारित होने वाले प्रस्तावों के प्रति रक्षामंत्री की भांति ज्यादा संवेदनशील एवं सख्त होने की जरूरत है। भारत अपनी इसी नीति को दोहरा कर शत्रु मानसिकता वाले देशों को सबक दे सकेगा। पाक के प्रति भारत की सख्ती हर मोर्चें पर दिखाई दे। भले ही पाक हकीकत न देखने की गलती दोहराता रहे। अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित तथा प्रयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने ही होंगे। ऐसा करते हुए वह कंगाल होने की कगार पर पहुंच चुका है, वह लगातार गरीबी और कमजोरी का शिकार हो रहा है। आतंकवाद को पोषित करते हुए यह देश अन्य देशों की दया पर आश्रित होता जा रहा है। लेकिन भीख में मिली दया या अनुदान से कब तक खुद को कायम रख पायेगा? **–ललित गर्ग**

# समाज की चुप्पी से मजबूत होता नशा बाजार

**विजय गर्ग**

हर साल 26 जून को जब दुनिया अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाती है, तो सवाल सिर्फ इतना नहीं कि हम इसके खिलाफ कितनी बातें कर रहे हैं–बल्कि यह है कि क्या हम इसके खिलाफ सच में खड़े हो रहे हैं? यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक जागृति का आह्वान है–एक ऐसी क्रांति की शुरुआत, जो नशे की जड़ों को उखाड़ फेंके और समाज को उसकी चपेट से मुक्त करे। नशे की त्रासदी केवल इसके शारीरिक या मानसिक नुकसान तक सीमित नहीं है; इसकी असली ताकत उस सामाजिक स्वीकार्यता में है, जो इसे धीरे-धीरे हमारे जीवन में घुसने देती है। स्कूल के किशोर से लेकर कॉरपोरेट ऑफिस में काम करने वाले प्रोफ़ेशनल तक, नशा अब एक 'पर्सनल च्वॉइस' का लबादा ओढ़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र की 2023 की विश्व ड्रग रिपोर्ट के अनुसार, विश्व भर में लगभग 29.6 करोड़ लोग नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, और यह संख्या हर साल बढ़ रही है। एनसीआरबी और अन्य सर्वेक्षणों के अनुसार, भारत में 15 से 34 वर्ष की आयु के बीच के लाखों युवा नशे की चपेट में हैं। इनमें से कई स्कूली बच्चे और कॉलेज छात्र हैं, जो ड्रग्स, शराब, और तंबाकू के जाल में फंस रहे हैं। नशे की यह महामारी केवल एक व्यक्ति की कमजोरी नहीं है; यह एक सामाजिक संरचना की खामी है। जब नशा 'कूल' होने का पर्याय बन जाता है, जब फिल्मों में सिगरेट का धुआं या शराब का ग्लास 'हीरोइज्म' का प्रतीक दिखाया जाता है, तो हमारी युवा पीढ़ी को गलत संदेश मिलता है। आज का युवा नशे को स्टेटस, स्टाइल, और स्वतंत्रता से जोड़ता है। यह एक ऐसी भ्रांति है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है, बल्कि पूरे समाज के नैतिक और सांस्कृतिक ढांचे को कमजोर करती है। नशा केवल शरीर को नहीं खोखला करता; यह सपनों, रिश्तों, और आत्मविश्वास को भी नष्ट करता है। नशे के पीछे कई कारण गिनाए जाते हैं–तनाव, बेरोजगारी, सामाजिक दबाव, या फिर दोस्तों का प्रभाव। लेकिन क्या हमने कभी यह पूछा कि हमारी व्यवस्था इस समस्या को रोकने में कितनी नाकाम रही है? नशा विरोधी कानून, जैसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस), 1985, भारत में मौजूद हैं, लेकिन इनका प्रभावी कार्यान्वयन कहां है? स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता के नाम पर साल में एक बार भाषण या पोस्टर प्रतियोगिता करवा दी जाती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? ड्रग तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की कमी और नशे की आसान उपलब्धता इस समस्या को और बढ़ा रही है। हाल के वर्षों में भारत में सस्ते और खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स, जैसे मेफ़ेड्रोन की तस्करी में वृद्धि हुई है। ये नशीले पदार्थ न केवल सुलभ हैं, बल्कि इनका प्रचार सोशल मीडिया और डार्क वेब के जरिए भी हो रहा है। नशे का प्रभाव केवल शारीरिक या मानसिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। नशे की लत के कारण लोग अपनी नौकरी, शिक्षा, और सामाजिक प्रतिष्ठा खो देते हैं। परिवार टूटते हैं, बच्चे अनाथ होते हैं, और समाज में अपराध बढ़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाली बीमारियों और अपराधों का वैश्विक आर्थिक बोझ अरबों डॉलर में है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां पहले ही संसाधनों की कमी है, नशे की यह महामारी एक और बड़ी चुनौती है। इस समस्या का समाधान केवल सरकारी नीतियों या कानूनों तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें हर व्यक्ति, हर परिवार, और हर समुदाय की जिम्मेदारी बनती है। माता-पिता को अपने बच्चों से खुलकर बात करनी होगी–न कि डर या ताने के साथ, बल्कि प्यार और विश्वास के साथ। शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों के व्यवहार पर नजर रखें और उन्हें नशे के खतरों के बारे में शिक्षित करें। स्कूलों और कॉलेजों में नशा निषेध पर नियमित कार्यशालाएं और काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। सरकार को नशा तस्करी के खिलाफ सख्ती बरतनी होगी और नशामुक्ति केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी। मीडिया और सिनेमा की भूमिका भी अहम है। जब तक फिल्में और वेब सीरीज नशे को 'ग्लैमराइज' करती रहेंगी, तब तक युवाओं के दिमाग से यह भ्रांति नहीं निकलेगी कि नशा 'कूल' है। असली हीरो वही है, जो नशे की लत को ठुकराकर अपने सपनों को हकीकत में बदलता है।

## सेहत मंत्र

# लिवर को खराब होने से बचाते हैं चाय, पानी और कॉफी, कैंसर में भी है फायदेमंद


हमारे शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग लिवर, जिसे यकृत और जिगर के नाम से भी जाना जाता है न केवल खाने-पीने की क्रिया से संबंधित अनेक काम करता है बल्कि हमारे रक्त से कई प्रकार के हानिकारक पदार्थों को भी बाहर निकालता है। लिवर की कार्यक्षमता बिगड़ने का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। लिवर हमें जीवित और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। लिवर भोजन में मौजूद सभी पोषक तत्व जैसे- विटामिन्स, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स को अलग-अलग कर शरीर की जरूरत के अनुसार अंगों तक पहुंचाता है। कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनसे लिवर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है इसलिए अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो इनसे बचना बहुत जरूरी है। लिवर की बीमारी का यदि समय पर इलाज न हो तो यह गंभीर समस्या भी बन सकती है। हम आपको ऐसी छह चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए आप लिवर को स्वस्थ रख सकते हैं और कैंसर जैसी बीमारियों को दूर कर सकते हैं। ढेर सारे फाइबर वाला फूड आपके लिवर को अपना सर्वश्रेष्ठ देने में मदद कर सकता है। कौन नहीं चाहता कि उसके दिन की शुरुआत एक अच्छे तरीके से हो? इसलिए ओटमीस ट्राई करें। शोध में सामने आया है कि ओटमील आपका वजन घटाने और पेट के आस-पास जमा चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है, जो कि लिवर की बीमारी से दूर रहने का एक अच्छा तरीका है। आपकी डाइट में शामिल बहुत सी सब्जियां आपके लिवर को स्वस्थ रख सकती हैं। ब्रोकली इस रणनीति का हिस्सा हो सकती है। कुछ अध्ययनों में कहा गया कि ये क्रंची फूड आपको गैर अल्कोहल वसा यकृत रोगों से सुरक्षित रख सकती है। अगर आपको भाप वाली ब्रोकली ज्यादा पसंद नहीं है, तो आप इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और उसपर बादाम, सूखे क्रैनबेरी के साथ टॉस करें। इसे गार्लिक के साथ रोस्ट कर भी खा सकते हैं। अगर आप इसके बिना पूरा दिन नहीं गुजार पाते हैं तो आपको ये जानकर खुशी होगी कि इससे आपके लिवर को काफी फायदा पहुंच रहा है। अध्ययन में बताया गया है कि दिन में दो या तीन दिन कप पीने से आपका लिवर अत्यधिक शराब और अस्वस्थकर भोजन से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# पेड़-पौधे लगाने से खुल जाएगी बंद किस्मत धन, वैभव, समृद्धि की नहीं रहेगी कमी

हिन्दू धर्म में पेड़ पौधों की भी पूजा-अर्चना करने का विधान है। केला, पीपल, शमी, बरगद, नीम आदि जैसे पेड़ों की विशेष दिनों में पूजा होती है, इससे उसके प्रतिनिधि देव प्रसन्न होते हैं और भक्तों के मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं तथा उनके संकटों का शमन करते हैं। ज्योतिष में भी पेड़-पौधों का बड़ा महत्व बताया गया है। यदि आप इन पौधों को लगाते हैं, इनको नियमित जल देते हैं और देखभाल करते हैं तो इससे सुख और आरोग्य बढ़ता है। ग्रह दशा बेहतर होती है और स्थितियां आपके अनुकूल बनती हैं, बिगड़े काम बनने लगते हैं, सफलताओं के नए मार्ग खुलते हैं। ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट आज हमें बता रहे हैं कि किन पेड़-पौधों को लगाने से हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं, दरिद्रता दूर कर सकते हैं, ज्ञान, सुख, भाग्य और आरोग्य को प्रबल कर सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे पेड़-पौधों के बारे में – लाजवंती: लाजवंती का पौधा हमें घर के ईशान कोण में लगाना चाहिए। आप गमले में लाजवंती के पौधे को लगाकर ईशान कोण में रख सकते हैं। इस पौधे को प्रतिदिन जल दें और सेवा करें, इससे आपकी कुंडली में राहु का दोष दूर होगा। आपके घर के धन-धान्य में वृद्धि होगी। शमी: शनि का पौधा घर के पश्चिम दिशा में लगाएं और नियमित तौर पर उसकी सेवा करें। ऐसा करने से भगवान शिव तो प्रसन्न होते ही हैं, शनिदेव और श्री गणेश की भी कृपा प्राप्त होती है। यदि आप पर साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही है तो शमी की पूजा करके शनिदेव को प्रसन्न कर सकते हैं। शनिवार के दिन शमी के पेड़ की पूजा करने से शनिदेव के कोप से बच सकेंगे।

## पर्यटन



# सुकून के साथ नेचर के बीच बिताना हो समय तो लैंसडाउन है बहुत ही अच्छी जगह

महानगर के समीप अगर कोई हिल स्टेशन हो, तो आज की भागती जिंदगी के लिए वह सोने पर सुहागे से कम नहीं है। दिल्लीवासियों के लिए उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सबसे पसंदीदा वीकेंड गेटवेज में से एक हैं। खासकर, ऋषिकेश, मसूरी, नैनीताल, शिमला, मनाली आदि। लेकिन यहां कई बार भीड़ छुट्टियों का मजा किरकिरा भी कर देती है। प्रसिद्ध चीनी दार्शनिक लाओ सू ने कहा था कि एक अच्छे यात्री की कोई निश्चित योजना नहीं होती है और न ही वह कहीं पहुंचने की इच्छा या अभिलाषा रखता है। वह बस चलते ही रहना चाहता है। हमारे घुमक्कड़ों का समूह भी कुछ ऐसी ही ख्वाहिश रखता था। इसलिए मौका मिला नहीं कि मन शहर से बाहर निकलने को आतुर हो जाता है। वीकेंड पर लैंसडाउन जाने का प्लान भी यूं ही बन गया। दिल्ली से करीब 270 किमी. की दूरी पर स्थित पहाड़ी स्थल सैलानियों की भीड़-भाड़ से अभी भी काफी हद तक बचा हुआ है। तय हुआ कि अहले सुबह पौ फटने से पहले निकल पड़ेंगे, जिससे ट्रैफिक की बाधा न मिले। हमने दिल्ली-मेरठ-बिजनौर-कोटद्वार रूट लिया। रात का अंधेरा छट रहा था और उजाला होने को था, जिससे शहर से बाहर निकलते देर नहीं लगी। उसके बाद तो धुला-धुला आकाश और हरे-भरे खेत देख मन शांत और हल्का होने लगा। मानो पुराना छूट रहा हो और कुछ नया मिलने वाला हो। लगभग दो घंटे का सफर बीतने के बाद सभी को चाय की तलब सताने लगी। हम सब एक ढाबे पर रुके, जो किसी होटल से कम नहीं था। वहीं, लॉन में टेबल सजा और सबने गर्मा-गर्म चाय-कॉफी-नाश्ता किया और फिर बढ़ चले गंतव्य की ओर। गाड़ी पूरी रफ्तार में हवा से बातें करते हुए आगे बढ़ रही थी। म्यूजिक के साथ कुछ सदस्य नींद का मजा ले रहे थे, तो कुछ यादों में डूब गए थे। वक्त गुजरते देर नहीं लगा और हम कोटद्वार के करीब पहुंचने वाले थे। वहां से लैंसडाउन तकरीबन 40 किमी. दूर था। ग्रुप के ज्यादातर साथी पर्वतप्रेमी थे, लिहाजा सभी पहाड़ों का दीदार होने का इंतजार कर रहे थे। उतावलापन बढ़ रहा था कि अब तक पहाड़ नजर क्यों नहीं आ रहे? लेकिन जैसे ही कोटद्वार पीछे छूटा, भू-दृश्य बदलने लगा। मैदानी इलाका पहाड़ों में गुम हो गया। गाड़ी के शीशे उतारे, तो हवा का स्पर्श भी बदल चुका था।

# उपकेंद्र पर पेड़ गिरा आपूर्ति 13 घंटे रही बाधित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। चंदौली पावर हाउस से विद्युत उपकेंद्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से 13 घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र की बिजली गुल रही बरसात की चिपचिपाती गर्मी से लोग बेहाल नजर आये। दोपहर 1 बजे बिजली चालू होने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली।

बताते चले कि शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े 12 बजे मसौली थाना मुख्यालय के पीछे स्थित दयानंद महाविद्यालय के निकट चंदौली से मसौली आने वाली 33 हजार विद्युत लाइन पर



अर्जुन का पेड़ गिर जाने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गयी बिजली काटते ही उपभोक्ताओं ने उपकेन्द्र एवं अधिकारियों के फोन करना शुरू किया। लेकिन रात्रि अधिक होने के कारण बिजली सही नही हो सकी शनिवार की सुबह पेट्रोलिंग शुरू हुई तो दयानन्द डिग्री कालेज के निकट अर्जुन पेड़ की डाल गिर गई थी। जिसको हटाने के बाद बिजली सप्लाई चालू की गई। जिसमें जकरिया,बांसा, सैदनपुर की सप्लाई शुरू हुई। इतने में इनकमिंग 2 का लक आउट कट गया जिससे पुनः बिजली गुल हो गयी जिसकी मरम्मत के बाद करीब 1 बजे बिजली सुचारु रूप से चालू हो सकी। इस दौरान करीब 13 घंटे तक उपकेंद्र के आधा दर्जन फीडर के करीब दो लाख से अधिक आबादी के उपभोक्ता परेशान रहे।

# दानवीर भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारियों का हुआ सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत रहे मुख्य अतिथि**

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। राज्यकर विभाग एवं जिला प्रशासन बाराबंकी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों एवं करदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने सहभागिता की। दोनों अतिथियों ने दानवीर भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑनलाइन संबोधन से हुई, जिसका सीधा प्रसारण सभागार में उपस्थित जनसमूह ने देखा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश के व्यापारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य अतिथि ने वर्ष 2024-25 में जीएसटी में सर्वोच्च योगदान देने वाले व्यापारियों को 'भामाशाह पुरस्कार' से सम्मानित किया। इसमें उमाशंकर एंड संस, सूरतगंज एवं अरिहंत इंटरप्राइजेज, टिकैतनगर, सिरौलीगौसपुर को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

राजस्व में विशेष योगदान देने वाले प्रतिष्ठानों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें सरस्वती स्वीट्स, प्रिज्म कंस्ट्रक्शन, राजीव एंड कंपनी, कृष्णा ब्रिक फील्ड, गुडलक इंजीनियर्स व पथिक ब्रिक फील्ड्स शामिल रहे। व्यापार संगठनों के सक्रिय पदाधिकारियों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से प्रदीप जैन, रोहिताश्व दीक्षित, जयदीप सिंह, जितेंद्र सिंह वर्मा, संजय शुक्ला, रंजीत श्रीवास्तव, अमन अग्रवाल, विनोद गाबा एवं अनुपम अग्रवाल को प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक्स, त्रिलोकपुर के फर्म स्वामी के आकस्मिक निधन पर उनके पुत्र को 10 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, राज्यकर विभाग की संयुक्त आयुक्त विवेचना मिश्रा, उपायुक्त प्रेरणा सिंह, विकास कुमार सेठ, सोनिका, अंजू उपाध्याय, अजय श्रीवास्तव, शिवशंकर, ज्योत्सना सिंह, अंचल अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह द्वारा प्रत्येक स्तर पर प्रभावी समन्वय व मॉनीटरिंग की गई।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले वरिष्ठ पत्रकार व संत महंत बीपी दास प्रदेश के विकास व शांति व्यवस्था पर हुई चर्चा



बाराबंकी। तपोस्थली कोटवाधाम के महंत व वरिष्ठ पत्रकार बीपी दास बाबा जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष भेंट की। यह मुलाकात दानवीर भामाशाह जी की जयंती की पूर्व संध्या पर सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेश की वर्तमान शांति व्यवस्था, कानून–व्यवस्था तथा समग्र विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। महंत बीपी दास जी ने मुख्यमंत्री को प्रदेश में उनके नेतृत्व में हो रहे सांस्कृतिक नवजागरण, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार, तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए शुभकामनाएं और साधुवाद प्रेषित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश को एक आध्यात्मिक चेतना और विकास के मार्ग पर अग्रसर कर रहे हैं। उनका नेतृत्व समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने भी कोटवाधाम के योगदान और बाबा बीपी दास जी द्वारा समाज में फैलाई जा रही धार्मिक चेतना, पत्रकारिता और सामाजिक समर्पण की भावना की सराहना की। इस आत्मीय भेंट में राज्य और समाज के हितों के संरक्षण, युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना, तथा गौसेवा व सनातन मूल्यों की स्थापना पर भी विचार–विमर्श हुआ ।दानवीर भामाशाह जी की जयंती के उपलक्ष्य में यह मुलाकात न केवल सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनी, बल्कि यह एक संदेश भी रही कि संत, समाजसेवी और शासन जब एक दिशा में कार्य करें, तो राष्ट्र का चहुंमुखी विकास संभव है।

## कार सवारों ने होटल व्यवसायी पर झोंका फायर , बचा दुकानदार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार की आधी रात में चाय विक्रेता द्वारा पीने का पानी न देने पर कार सवार लोगों ने गालियां दी फायर झोंक दिया। गोली एक टेंट हाउस आफिस की खिड़की को पार करते हुए निकल गई। गनीमत रही कि वहां पर कोई मौजूद नहीं था जिससे कोई अनहोनी नहीं घटित हुई। गोली चलने की घटना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। बताते चले कि कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज निवासी शुरूर अहमद की लखनऊ–महमूदाबाद मार्ग स्थित बस स्टॉप पर चाय दुकान हैं। शुक्रवार रात्रि लगभग 12 बजे शेरु अपनी दुकान पर अपने कुछ दोस्तो के साथ बैठा था। इस बीच लखनऊ की ओर से होंडा कार सवार दो लोग आए, और चाय दुकानदार से पीने के लिए पानी मांगा। जिस पर दुकानदार ने कोई लड़का न होने से असमर्थता जताई और स्वयं आकर पानी लेने की बात कही। शेरू के अनुसार इतने में ड्राइवर ने गाली देते हुए गाड़ी आगे बढ़ाई और उसमें सवार दूसरे व्यक्ति ने फायर झोंक दी । बताते हैं कि फायर होने के बाद पड़ोस में टेंट की दुकान की खिड़की के सीसे को पार करके दुकान के अंदर वाली दीवार से टकरा गई। गनीमत रही कि दुकान में मौजूद नहीं था जिससे बड़ी अनहोने होने से टल गई। घटना के बाद कार सवार महमूदाबाद की ओर भाग गए। उधर घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। गोली चलने की आवाज सुन आसपास के लोग भी जमा हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची कुर्सी पुलिस ने रात में ही कार सवार बदमाशों की तलाश में जुट गई, लेकिन पता नही लग सका। शनिवार सुबह पुलिस आसपास के दुकानों व मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस को ज्यादातर सीसीटीवी बंद मिले है। जिससे जांच में दिक्कत हो रही।

थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि कोई गाड़ी सवार नशे में थे। पानी मांगा और गाली देकर गोली चलाकर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## चिटफंड कंपनी के प्रबंधक ने की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम केवलापुर निवासी एक चिकफंड मे काम करने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर मजरे केवलापुर मे उस समय हड़कंप मच गया जब एलयूसीसी चिकफंड कम्पनी मे काम करने वाले 55 वर्षीय स्वामी दयाल मिश्रा पुत्र तुलसीराम का शव गांव से सौ मीटर की दूरी पर स्थित आम की बाग़ मे लटकता मिला। बताते चले कि मृतक स्वामीदयाल मिश्रा एलयूसीसी चिकफंड कम्पनी करनैलगंज गोंडा मे शाखा संचालक एवं एजेंट के रूप मे कार्य कर रहे थे बीते वर्ष ग्राहकों का करोड़ो रुपये लेकर फरार हुई कम्पनी के बाद अलग अलग थानो मे दर्ज हुई रिपोर्टों के क्रम मे स्वामी दयाल मिश्रा को भी गत नवंबर माह मे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था दो माह बाद जमानत पर आये स्वामीदयाल पुलिस की कार्यवाही और जमाकर्ताओं की प्रताड़ना से काफी परेशान थे और बीती रात्रि गांव से थोड़ी ही दूरी पर स्थित आम की बाग़ मे साडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

## समाधान दिवस में नायब दिनेश ने सुनी जन समस्याएं

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसरांय कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय ने की ।कार्यक्रम में कुल 10 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दरीगापुर निवासी प्रवेश गौतम ने पैमाइश कराने की मांग की थी, जिसका निस्तारण कर दिया गया। राजा पुर के नवीन कुमार ने अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत दर्ज कराई।नायब तहसीलदार ने सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जय प्रकाश, लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रेमचंद्र, राधेश्याम वर्मा, शुभेंद्र अवस्थी, महेंद्र जायसवाल, बृजेश वर्मा, अवधेश शुक्ला, लेखपाल चकबंदी और ग्राम प्रधान निसार मेहंदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आए युवक की मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार की सुबह कूलर का तार लगाते समय करंट की चपेट मे आये एक 32 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल मे मौत हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सफदरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसोली के मजरे तलहा निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार वर्मा पुत्र घिरूऊ शनिवार की सुबह करीब 9 बजे कूलर लगा रहे था। इसी दौरान संदीप का पैर खुले तार पर पड़ गया जिससे संदीप के जोरदार करंट लग गया जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये हालात गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया जिसकी मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर: प्रबंधक पद को लेकर दो गुटों में दावे, सुनील और जीत कुंवर के निर्विरोध चुने जाने का दावा

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर, हैदरगढ़ की प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। समिति दो गुटों में बंटी नजर आ रही है, जहां एक पक्ष ने सुनील सिंह को निर्विरोध प्रबंधक चुने जाने की घोषणा की है, वहीं दूसरे गुट ने जीत कुंवर सिंह को निर्विरोध चुने जाने का दावा किया है। प्रबंध समिति के एक गुट के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चुनाव प्रक्रिया जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी के निर्देश पर संपन्न कराई गई। पर्यवेक्षक के रूप में राजकीय इंटर कॉलेज बेलहरा के प्रधानाचार्य देवी प्रसाद तिवारी और चुनाव अधिकारी के रूप में गंगाबक्स सिंह (पूर्व प्रवक्ता, सार्वजनिक इंटर कॉलेज) नियुक्त रहे। इस चुनाव में महेंद्र प्रताप सिंह को अध्यक्ष, संजय सिंह को उपाध्यक्ष, सुनील सिंह को प्रबंधक, अखिलेश सिंह को उप प्रबंधक एवं रन बहादुर सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित बताया गया। वहीं, समिति के दूसरे गुट के अध्यक्ष बलभद्र प्रसाद दुबे ने अलग चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि उनके पक्ष से आयोजित चुनाव में जीत कुंवर सिंह को निर्विरोध प्रबंधक चुना गया।

# अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किया रामनगर सीएचसी का औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी अयोध्या मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुधीर कुमार वर्मा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सीमा, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. सना हुसैन एवं स्टाफ नर्स प्रियंका अनुपस्थित पाई गईं। इस पर अपर निदेशक ने सभी से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं अस्पताल की दूसरी मंजिल स्थित वार्ड में शौचालय की गंदगी पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल बेहतर सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियाँ और झाड़-झंखाड़ देखकर उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया और इसे नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। परिसर में आने-जाने के मार्ग की दुर्दशा को देखते हुए उन्होंने जिलाधिकारी से वार्ता कर उसे समतल व सुगम बनवाने की बात कही। निरीक्षण उपरांत आयोजित बैठक में



**अनुपस्थित चिकित्सकों से मांगा स्पष्टीकरण**

उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को समय से ड्यूटी पर पहुंचकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत जन आरोग्य मंदिर, गर्री का भी निरीक्षण किया। वहाँ तैनात सीएचओ ममता मिश्रा से उपलब्ध दवाओं एवं बीते दस दिनों में उपचारित मरीजों की जानकारी ली। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध 14 प्रकार की जांच सेवाओं की भी समीक्षा की, जिससे वह संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के समय डॉ. आशीष, डॉ. हाशिम अंसारी, डॉ. विंदेश्वरी, स्टाफ नर्स सविता यादव, फार्मासिस्ट प्रदीप पांडेय, समीर चौधरी, यशपाल सिंह, विनोद मौर्य सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों के रोकथाम के लिए तत्पर ब्लॉक प्रशासन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । ब्लॉक सभागार में शनिवार को संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं एडीओ पंचायत शम्भूनाथ पाठक के संचालन में हुई इस बैठक में ग्राम प्रधान और सफाई कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम संजीव कुमार ने गांव में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने हैंड पंप के जल को स्वच्छ रखने और नालियों में पानी जमा न होने देने की सलाह दी। साथ ही कूलर का पानी साफ रखने और नालियों के आसपास झाड़-झंखाड़ न होने देने के निर्देश दिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. देव प्रताप सिंह ने कहा कि संचारी रोगों से



बचाव का एकमात्र उपाय साफ-सफाई है।इस मौके पर शैलेश कुमार रावत, केदारनाथ वर्मा राम प्रताप वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, राम केदार वर्मा कुलदीप वर्मा, सुरेश चंद्र यादव, मो सुहेल प्रधान, प्रतिनिधि राम बक्श यादव मैकूलाल, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

# किसान क्रांति दल का कार्यकर्ता सम्मेलन, मिल और पुल निर्माण को लेकर आंदोलन का ऐलान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी । राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल का कार्यकर्ता सम्मेलन रामनगर में आयोजित किया गया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फिल्मकार अमरेश मिश्रा पहुंचे और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर आवाज उठाई। उन्होंने बंद पड़ी बुढ़वल चीनी मिल और हेतमापुर पुल के निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने की घोषणा की। अमरेश मिश्रा ने कहा कि पहले की सरकारों के साथ-साथ वर्तमान सरकार ने भी इन समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे क्षेत्र के हजारों किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों मुद्दों पर जनता के सहयोग से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को उनकी उपज की सही कीमत और न्यूनतम आमदनी मिलनी चाहिए, लेकिन सरकार न तो इस दिशा में




काम कर रही है और न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (ख्ड्ढ्ढ) पर गंभीर है। उन्होंने किसानों के सभी मुद्दों पर संघर्ष करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राम जी तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी क्षेत्र की समस्याओं, खासकर किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर पूरी मजबूती से संघर्ष करेगी और इन समस्याओं के समाधान के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर दिनेश सिंह को प्रदेश महासचिव और डॉ. प्रदीप सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुमन अवस्थी, महामंत्री रामा तिवारी, तहसील अध्यक्ष अंकित राजपूत, तहसील उपाध्यक्ष शिवमंगल यादव, सिरौलीगौसपुर के तहसील अध्यक्ष वंशराज पाल, नारायण तिवारी सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत दलेंनगर व काकोरी में फर्जी मनरेगा का खेल, जिम्मेदार मौन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**आखिर लगातार खबरे प्रकाशित होने बाद भी कार्यवाही नदारद**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत काकोरी व दलेलनगर में मनरेगा योजना चढ़ाई जा रही भ्रष्टाचार की भेंट**

मछरेहटा - सीतापुर । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जिसे ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, लेकिन अब वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत दलेलनगर व काकोरी में मनरेगा के तहत फर्जी हाजिरी लगाने का कार्य जोरो पर चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत हो कार्य को नाम मात्र मजदूरो से कार्य करवाया जा रहा है । जबकि ग्राम पंचायत दलेलनगर में 103 और वही ग्राम पंचायत काकोरी 84 मजदूरो की हाजरी दर्शाई गई जिसमें महिला व पुरुष में भी जमकर फर्जीबाड़ा किया जा रहा है, यही नही एक ही फोटो को बार - बार अपलोड कर हाजरियां लगाई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रमाणों के अनुसार, कई ऐसे मजदूरों के नाम मनरेगा पोर्टल पर दर्ज हैं जो या तो गांव में रहते ही नहीं, या जिनकी उम्र कार्य करने लायक नहीं है। कुछ नाम तो ऐसे हैं जो एक ही दिन में दो-दो योजनाओं में कार्यरत दिखाए गए हैं।

**प्रधान और सचिव की मिलीभगत का आरोप**

स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान , पंचायत सचिव व रोजगार सेवक की मिलीभगत से यह पूरा फर्जीवाड़ा चल रहा है।

**अधिकारी बेखबर या शामिल**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पंचायतों में योजनाएं धरातल पर नहीं हैं, तो एपीओ व संबधित अधिकारियो की निगरानी प्रणाली क्यों निष्क्रिय है? क्या जिम्मेदार अधिकारी इस गड़बड़ी में शामिल हैं, या जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं।

# श्रावण मास एवं मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी, । आगामी श्रावण मास एवं मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए आज कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री विकास चंद्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, सभी उपजिलाधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारीगण, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जनपद के सम्मानित धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण, गरिमापूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान शिवालयों एवं प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सीसीटीवी कैमरे जैसी अन्य व्यवस्थाये समय से सुनिश्चित की जाए।उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित प्रमुख शिवालयों



और घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बनवाएं। भीड़ प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण स्थलों पर बैरिकेटिंग, ड्रोन कैमरों से निगरानी तथा चिकित्सा व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। मोहर्रम पर्व के संदर्भ में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अनुमन्य जुलूस मार्गों की पहले से सफाई करवा ली जाए और मार्गों पर प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारू हो।उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि जुलूसों के दौरान कोई भी नई परंपरा न प्रारंभ की जाए, न ही अनावश्यक एवं उकसावे वाले नारे लगाए जाएं। जुलूस की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान हो, इस पर आयोजक विशेष ध्यान दें।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जुलूस मार्गों में स्थित घरों की छतों और छज्जों पर भीड़ एकत्र न हो, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर उन्होंने विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट, फोटो या वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाराबंकी जनपद की पहचान इसकी गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक समरसता में निहित है। उन्होंने सभी से अपील की कि दोनों पर्वों को मिल-जुलकर, परंपरा, मर्यादा और परस्पर सम्मान के

**जिलाधिकारी ने दिए साफ–सफाई, सुरक्षा, एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश**

**धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों ने प्रशासन को दिया पूर्ण सहयोग का भरोसा**

साथ मनाएं। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का भरपूर सहयोग करें। अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पर्वों की गरिमा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार की नई परंपरा या नियमविरुद्ध गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे जनपद में शांति, सौहार्द और परंपरागत भाईचारे की मिसाल को बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

# सरकार का उद्देश्य हर नागरिक के पास हो मूलभूत सुविधाएं : रामदेव सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी । हैदरगढ़ ब्लॉक क्षेत्र सर्वांगीण विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। इसी क्रम में सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें आमजन को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास नीतियों की विस्तार से जानकारी दी। लोकार्पण किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत रोहना मीरापुर में डामर रोड से पराग तिवारी के पुरवा तक इंटरलॉकिंग निर्माण (लागत 10 लाख रुपये), डामर रोड से राम सुरेश के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग कार्य (लागत 8 लाख रुपये), पंचायत भवन से काली माता स्थान तक खड़ंजा निर्माण (लागत 7.75 लाख रुपये), अहीरन सरैया में प्रदीप के खेत से हनुमान मंदिर तक खड़ंजा कार्य (लागत 3 लाख रुपये), गेरावां माइनर से पूरे देवरनिया तक खड़ंजा कार्य (लागत 7.5 लाख रुपये) शामिल हैं। इसके साथ



**विभिन्न सड़कों का हुआ लोकार्पण , विकास को मिली रफ्तार**

ही जिला पंचायत निधि से शुकुल बाजार-रोहना मार्ग से ठकुरन सरैया तक सड़क लेपन कार्य (लागत 36 लाख रुपये) भी पूरा किया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुबेहा श्री रणवीर सिंह मोनू, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री कृपा शंकर तिवारी, मंडल महामंत्री द्वय श्री रंजीत सिंह महंत व श्री रूपचंद चौरसिया, ग्राम प्रधान रोहना मीरापुर श्री राम बाबू तिवारी, मंडल कोषाध्यक्ष श्री राम किशोर गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री अनिल कुमार, श्रीमती मालती देवी, श्रीमती मंशा देवी, वरिष्ठ पत्रकार श्री दिलीप तिवारी, भाजपा नेता श्री गोविन्द पाठक, श्री दीपक तिवारी, श्री विनय शुक्ला, श्री देवी बक्श सिंह, श्री विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में जनसमूह के अभिवादन और विकास के प्रति विश्वास के साथ हुआ।

# नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड रैंकिंग में फिर हासिल किया शीर्ष स्थान, अरशद नदीम चौथे नंबर पर

एजेंसी




नई दिल्ली। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। इस सप्ताह वर्ल्ड एथलेटिक्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी ताजा रैंकिंग में नीरज ने ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान दोबारा प्राप्त किया। पिछले साल 17 सितंबर को ब्रुसेल्स में डायमंड लीग फाइनल जीतने के बाद पीटर्स ने नीरज से नंबर-1 स्थान छीना था। लेकिन लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नीरज ने फिर से बाज़ी मार ली। ताजा रैंकिंग के अनुसार, नीरज के 1445 अंक हैं जबकि पीटर्स 1431 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर 1407 अंकों के साथ तीसरे और पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। 27 वर्षीय नीरज चोपड़ा इस साल सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे। उन्होंने इस सीजन की शुरुआत अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पॉटचेफस्ट्रूम में हुई एक इनविटेशनल मीट से की थी, जहां उन्होंने 84.52 मीटर की थ्रो के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद मई में दोहा डायमंड लीग में उन्होंने पहली बार 90 मीटर की दूरी पार करते हुए 90.23 मीटर की थ्रो फेंकी, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ थ्रो रही। हालांकि वे इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे, क्योंकि जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर की थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद पोलैंड के चोरज़ो में जनुश कुसोचिंस्की मेमोरियल में भी नीरज (84.14 मीटर) वेबर (86.12 मीटर) से पीछे रहे। लेकिन पेरिस डायमंड लीग में नीरज ने वापसी करते हुए 88.16 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। मंगलवार को उन्होंने अपने सीजन की तीसरी जीत चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में दर्ज की, जहां उन्होंने एक बार फिर 88.16 मीटर की दूरी तय की। नीरज चोपड़ा का अगला मुकाबला 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतिरवा स्टेडियम में होने जा रहे पहले 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में होगा।

# हेज़लवुड की घातक गेंदबाज़ी, ऑस्ट्रेलिया ने तीन दिन में ही जीता टेस्ट, वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

एजेंसी



ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेज़लवुड (5/43) की घातक गेंदबाज़ी के दम पर वेस्टइंडीज को बारबाडोस टेस्ट के तीसरे दिन ही शुक्रवार को 159 रनों से हराकर सीरीज़ में शानदार जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी अंतिम सत्र में ही सिमट गई, जिसमें आखिरी दो विकेट नाथन लायन ने लगातार दो गेंदों पर लेकर मुकाबले का अंत किया। शमर जोसेफ के आक्रामक तेवर और जस्टिन ग्रीव्स की रक्षात्मक बल्लेबाज़ी की बदौलत एक समय ऐसा लगा कि मैच चौथे दिन तक खींचेगा, हालांकि, शमर जोसेफ स्लिप में और जेडन सील्स शॉर्ट लेग पर आउट हुए, जिससे मैच का अंत उसी शाम हो गया। ट्रैविस हेड को दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने मुश्किल पिच पर साहसिक बल्लेबाज़ी की और वेस्टइंडीज की खराब फील्डिंग से भी लाभ उठाया। मैच में वेस्टइंडीज ने 7 कैच छोड़े। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में एलेक्स कैरी (65), ब्यू वेबस्टर (63) और ट्रैविस हेड (61) ने अहम पारियां खेलीं। कैरी ने केवल 40 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसमें कुछ दर्शनीय स्ट्रोक भी शामिल थे। उन्होंने शमर जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधे छक्के भी लगाए। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में हेज़लवुड ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया। उन्होंने एक ही ओवर में ब्रैंडन किंग और जॉन कैम्पबेल को आउट किया, जबकि रॉस्टन चेस और केसी कार्टी को भी चलता किया। कप्तान पैट कमिंस को भी एक कम गेंद पर शाई होप का विकेट मिला, जो अंदर की ओर आई गेंद पर बोल्ड हो गए। मर्नस लाबुशेन ने एक सटीक थ्रो से अल्जारी जोसेफ को रनआउट किया, जबकि लायन ने आखिरी दो विकेट लेकर मैच समाप्त किया। वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 44 रनों की तेज़तर्रार पारी खेली और दूसरी पारी में 5 विकेट भी चटकाए, लेकिन उनका यह प्रदर्शन हार को नहीं टाल सका। उन्होंने मैच में सबसे ज्यादा ओवर भी फेंके।

## ईएसएफआई एशियाई युवा खेलों के लिये राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये अंडर 18 टीम चुनेगा

नयी दिल्ली। भारतीय ई स्पोटर्स महासंघ (ईएसएफआई) ने शनिवार को कहा कि वह बहरीन में साल के आखिर में होने वाले एशियाई युवा खेलों के लिये अंडर 18 टीम के चयन के उद्देश्य से जुलाई के मध्य में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। टीम में समान संख्या में लड़के और लड़कियां होंगे जो 18 वर्ष से कम उम्र के हैं । इसके लिये रजिस्ट्रेशन 28 जून से 12 जुलाई तक खुला होगा जबकि ये खेल 22 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। भारत इसमें छह स्पर्धाओं रॉकेट लीग, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई फुटबॉल में टीमें भेजेगा। मैच पीसी या प्लेस्टेशन पर खेले जायेंगे। ईएसएफआई अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि यह भारत के युवा गेमर्स के लिये अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मौका है। लड़के और लड़कियों की समान भागीदारी समावेशी और भविष्योन्मुखी इकोसिस्टम तैयार करने के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है।

# एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

एजेंसी

चियांग माइ (थाईलैंड)। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था। तिमोर लेस्ते की टीम रैंकिंग में मंगोलिया से 32 पायदान नीचे 158वें स्थान पर है। पर भारतीय महिला टीम के कोच क्रिस्पिन छेत्री का मानना है कि यह दक्षिणपूर्वी एशियाई टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी। छेत्री ने कहा, ''मंगोलिया की तुलना में तिमोर लेस्ते बेहतर रूप से संगठित टीम है और मुझे लगता है कि इराक की तुलना में भी वह रक्षात्मक रूप से अच्छी हैं। तिमोर लेस्ते की टीम जवाबी हमले करना पसंद करती हैं। वहीं 70वें स्थान पर काबिज भारत ने पहले कभी तिमोर लेस्ते का सामना नहीं किया है जिसके कोच इंडोनेशिया के एमरल बिन बुस्तामाम हैं। मंगोलिया की तुलना में तिमोर लेस्ते अंतरराष्ट्रीय फ़ुटबॉल में अधिक सक्रिय है।

# तेंदुलकर के वीडियो देखकर काफी प्रेरणा मिली : शेफाली

एजेंसी



नॉटिंघम। भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया। खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा ,'' पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा ,'' इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया। शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा ,'' जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा ,'' मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20 . 25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा। इससे अलग तरह की ऊर्ज़ा मिली। समय बहुत कुछ सिखाता है। मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# संक्षिप्त समाचार

### अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिये रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिये अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाये। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढत बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा ,'' हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है । शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिये । इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है । आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है । हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा कि इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही । हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी। उन्होंने कहा कि मैं इतना जरूर कहूंगा कि सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग टीम बनने का तरीका तलाशना होगा क्योंकि प्रतिभा की कमी नहीं है।

### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका)।** भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया । पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी । तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी ।

### केंद्र सोमवार को राज्य, केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक करेगा

**नयी दिल्ली।** केंद्र देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा के लिए 30 जून को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक करेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह यहां भारत मंडपम में 'मंथन बैठक' की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सरकार की सभी प्रमुख पहलों पर चर्चा होगी, जिसमें अंतिम छोर तक ग्रामीण सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए दो लाख नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस), डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना शामिल है। इसके अलावा सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना पर विचार-विमर्श भी होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक प्रगति की समीक्षा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और देश में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। इस आयोजन का मकसद आपसी तालमेल के जरिये प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक साझा समझ को बढ़ावा देना है। तीन नई राष्ट्रीय बहु-राज्य सहकारी समितियों, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) की गतिविधियों में राज्यों की भूमिका की भी समीक्षा की जाएगी।

### श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराकर सीरीज़ पर किया कब्जा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ को 1-0 से जीत लिया है। सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब, कोलंबो में खेले गए दूसरे टेस्ट में मेज़बान टीम ने पारी और 78 रन से धमाकेदार जीत दर्ज की। इस जीत के हीरो रहे बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या, जिन्होंने टेस्ट करियर का 12वां पांच विकेट हॉल लेते हुए विपक्षी बल्लेबाज़ों की कमर तोड़ दी। चौथे दिन शनिवार की शुरुआत बांग्लादेश के 115/6 के स्कोर से हुई, उन्हें श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाज़ी पर मजबूर करने के लिए 97 रन की ज़रूरत थी। लेकिन मैच सिर्फ आधे घंटे में खत्म हो गया। जयसूर्या ने अंतिम चार में से तीन विकेट झटके और बांग्लादेश की दूसरी पारी 133 रन पर सिमट गई। इससे पहले श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे।

# राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष पूरे होने पर 29 जून को 'सांख्यिकी दिवस' मनाया जाएगा

एजेंसी




नई दिल्ली। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) 29 जून को राजधानी नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्?ट्रीय केंद्र में 19वां सांख्यिकी दिवस मनाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह करेंगे, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बतााया कि वर्ष 2007 से प्रत्येक वर्ष सांख्यिकी दिवस राष्ट्रीय प्रासंगिकता की थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के लिए थीम (विषय) ह्लराष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्षङ्क है, जो भारत में साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और शासन का समर्थन करने वाले विश्वसनीय एवं समयबद्ध सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष प्रो. राजीव लक्ष्मण करंदीकर और एमओएसपीआई सचिव डॉ. सौरभ गर्ग भी संबोधन देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण में खासकर युवा पीढ़ी के बीच सांख्यिकी के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करना है। यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी रहे प्रोफ़ेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंत्रालय एक स्मारक सिक्का और कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प जारी करेगा। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रकाशन भी जारी किए जाएंगे, जिनमें सतत विकास लक्ष्य- राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट 2025 (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट 2025) और भारत में पोषण सेवन (न्यूट्रिशनल इनटेक इन इंडिया) 2022-23 और 2023-24 शामिल हैं।

# बीईएमएल ने बिलासपुर में भंडारण केंद्र की आधारशिला रखी

एजेंसी


बिलासपुर। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) शांतनु रॉय ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर में मुलाकात की और यहां एक आधुनिक भंडारण केंद्र की आधारशिला भी रखी। यह केंद्र कंपनी के रक्षा, रेल एवं मेट्रो और खनन एवं निर्माण क्षेत्रों के लिए आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाएगा और सेवा वितरण की क्षमता को मजबूत करेगा। बीईएमएल प्रमुख ने मुख्यमंत्री से राज्य में कंपनी की गतिविधियों को विस्तार देने तथा भविष्य की औद्योगिक साझेदारियों पर चर्चा की। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचा, रक्षा और खनन क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने बीईएमएल की पहलों की सराहना करते हुए राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इससे पहले राज्य सरकार ने बीईएमएल को खनन उपकरणों की एक अत्याधुनिक निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 100 एकड़ भूमि आवंटित की। यह इकाई देश के खनिज-समृद्ध क्षेत्र में उन्नत और स्वदेशी तकनीक वाले खनन उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अनुरूप है। इस अवसर पर रॉय के साथ साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसइसीएल) के चेयरमैन हरीश दुहान, बीईएमएल के निदेशक (वित्त) अनिल जेरथ और निदेशक (खनन एवं निर्माण) संजय सोम भी मौजूद थे। दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। बिलासपुर में बनाया जा रहा यह भंडारण केंद्र पूरी तरह से डिजिटल होगा और इसमें बारकोड आधारित 'इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली' होगी, जिससे वास्तविक समय में निगरानी, सटीक भंडारण और त्वरित प्रसंस्करण संभव हो सकेगा। रॉय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कंपनी की भागीदारी सिर्फ व्यावसायिक विस्तार नहीं है, बल्कि यह स्थानीय रोजगार सृजन और सहयोगी उद्योगों के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## एमएनआरई ने अपशिष्ट से ऊर्ज़ा परियोजनाओं के लिए संशोधित दिशा-निर्देश किए अधिसूचित

नई दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय (एमएनआरई) ने प्रदर्शन निगरानी और तेजी से सीएफए वितरण को बढ़ाने के लिए अपशिष्ट से ऊर्ज़ा परियोजनाओं के लिए संशोधित दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह राष्ट्रीय बायो एनर्जी कार्यक्रम का एक हिस्सा है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि एमएनआरई ने राष्ट्रीय जैव ऊर्ज़ा कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट से ऊर्ज़ा (डब्ल्यूटीई) कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य भारत में जैव अपशिष्ट से ऊर्ज़ा के उपयोग के लिए अधिक कुशल, पारदर्शी और प्रदर्शन-उन्मुख पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के मुताबिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, वित्तीय सहायता में तेजी लाने और संयंत्र के प्रदर्शन के साथ समर्थन को संरेखित करके, अद्यतन दिशा-निर्देश निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

# बायोमास कार्यक्रम के लिए मानदंडों में संशोधन को अधिसूचित किया गया

एजेंसी



नई दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्रालय ने स्वच्छ ऊर्ज़ा समाधान को बढ़ावा देने, व्यापार को आसान बनाने और देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाने के लिए बायोमास कार्यक्रम के लिए जारी संशोधित दिशा-निर्देश को अधिसूचित किए हैं। मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय जैव ऊर्ज़ा कार्यक्रम के चरण-क्र के तहत बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए लागू हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्ज़ा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी लाना और पूरे भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। मंत्रालय ने नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सुगम बनाया है, जैसे कि कागजी कार्रवाई में कटौती और अनुमोदन आवश्यकताओं को सरल बनाना, जिससे उद्योग विशेष रूप से एमएसएमई को अपना उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये बदलाव पराली प्रबंधन में सुधार और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के भारत के व्यापक लक्ष्य के साथ अच्छी तरह से संरेखित हैं। इन संशोधन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें तकनीकी एकीकरण किया गया है, जिसके तहत एससीएडीए जैसी महंगी और उच्च तकनीक वाली प्रणालियों के बजाय IoT-आधारित निगरानी समाधान या तिमाही डेटा सबमिशन का उपयोग किया जा सकेगा। मंत्रालय के मुताबिक यह लागत प्रभावी कदम डिजिटल निगरानी और जवाबदेही को बढ़ावा देता है, खासकर छोटे व्यवसाय संचालकों के लिए। दिशा-निर्देश दस्तावे.ज़ीकरण आवश्यकताओं के महत्वपूर्ण सरलीकरण को भी प्रोत्साहित करते हैं। ब्रिकेट और पेलेट निर्माण संयंत्रों के डेवलपर्स को अब मंजूरी मामलों से संबंधित कई दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस बदलाव से समय की बचत होगी और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा मिलेगा।

# सहकारिता मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा करेंगे शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को यहां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक में नयी पहलों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस बैठक में सहकारिता मंत्रियों के साथ-साथ सहकारिता विभागों के सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रधान सचिव भाग लेंगे। बैठक में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए योजनाओं की समीक्षा के साथ- साथ विचारों के आदान-प्रदान और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जायेगी। मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकारिता मंत्रालय की अब तक की पहलों और योजनाओं की समग्र समीक्षा , प्रगति का मूल्यांकन , और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से अनुभवों, श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और रचनात्मक सुझावों का



आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। यह मंथन बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण को सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए साझा समझ और समन्वित रणनीति विकसित करने की दिशा में कार्य करेगी। बैठक में दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सहकारी क्षेत्र में 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और किसानों को सशक्त बनाना है। इसके साथ ही 'सहकारिता में सहकार' अभियान और 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के अंतर्गत राज्यों की प्रगति और सहभागिता पर चर्चा होगी। तीन नई बहु-राज्यीय राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड में राज्यों की भागीदारी की भी समीक्षा की जाएगी। श्वेत क्रांति 2.0 और भारत के डेयरी क्षेत्र में 'सर्कुलरिटी एवं सस्टेनेबिलिटी' की अवधारणाओं को अपनाने तथा आत्मनिर्भरता अभियान के अंतर्गत दलहन तथा मक्का उत्पादक किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर चर्चा होगी। पैक्स कंप्यूटरीकरण और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण जैसे डिजिटल परिवर्तन संबंधी पहलों की भी समीक्षा की जाएगी।

## 'राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष' थीम पर आज मनाया जायेगा सांख्यिकी दिवस

नयी दिल्ली। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) 29 जून 2025 को यहां 19वां सांख्यिकी दिवस मनाएगा और इस अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम का सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह उद्घाटन करेंगे। यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी रहे प्रोफ़ेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है। सांख्यिकी दिवस का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण में खासकर युवा पीढ़ी के बीच सांख्यिकी के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करना है। वर्ष 2007 से प्रत्येक वर्ष सांख्यिकी दिवस राष्ट्रीय प्रासंगिकता की थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के लिए थीम 'राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष' है, जो भारत में साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और शासन का समर्थन करने वाले विश्वसनीय एवं समयबद्ध सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

# वंशवादी महत्वाकांक्षाओं के कारण लगा आपातकाल : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि आत्ममुग्धता, तानाशाही प्रवृत्ति, अवसरवाद, लोकतांत्रिक सोच की कमी और वंशवादी महत्वाकांक्षाओं के कारण 1975 में आपातकाल थोप दिया गया।

डॉ सिंह ने दिल्ली विधानसभा में भारतीय लोकतंत्र और संविधान का सबसे अंधकारमय दौरः ना भूलें, ना क्षमा करें विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कहा कि, 1975 से 1977 का संक्षिप्त लेकिन काला कालखंड भारत के हर नागरिक के जीवन को प्रभावित करने वाला था। मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, प्रेस पर सख्त सेंसरशिप थोप दी गई और हजारों लोगों को बिना मुकदमा चलाए कैद कर लिया गया। शहरी विकास के नाम पर जबरन नसबंदी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की गई। 1976 में पारित 42वां संविधान संशोधन, लोकसभा और राज्य



विधानसभाओं का कार्यकाल पाँच से बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया गया जिसे बाद में 44वें संशोधन (1978) द्वारा वापस लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, आपातकाल के बाद जो जांच शुरू हुई, वह अभी अधूरी है। शाह आयोग की रिपोर्ट (1978) समस्त मानवाधिकार उल्लंघनों और प्रशासनिक अतिक्रमणों की व्यापक जांच नहीं कर सकी। अब समय आ गया है कि एक नया आयोग गठित कर आपातकाल के दौरान और बाद में हुए दमन और अत्याचारों की विस्तृत जांच कराई जाए। श्री गुप्ता ने कहा कि आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के माध्यम से संविधान में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्द क्यों जोड़े गए? संविधान जैसे दस्तावेज़ में इतने बुनियादी परिवर्तन किसी राष्ट्रीय बहस और सहमति के बिना नहीं किए जा सकते। हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आपातकाल से मिली सीख को जीवित रखे और संविधान की पवित्रता को कभी भी कमजोर न होने दे। इसी उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम और संगोष्ठी किया जाना आवश्यक हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने कहा, संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा है, जो यह स्पष्ट करती है कि यह संविधान 'जनता द्वारा और जनता के लिए' बना है। किसी एक नेता को यह अधिकार नहीं कि वह तानाशाही प्रवृत्तियों के चलते इसके मूल स्वरूप को बिगाड़े। दुर्भाग्यवश, तत्कालीन कांग्रेस ने वही प्रवृत्ति अपनाई जो एक समय ब्रिटिश राज की हुआ करती थी।

# भारत-मेडागास्कर ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और मेडागास्कर ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढाने के उपायों पर महत्वपूर्ण चर्चा की है।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि मेडागास्कर की चार दिन की यात्रा पर गये रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी अन्टाननरीवो में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा राज्य मंत्री ने मेडागास्कर के स्वतंत्रता दिवस की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के स्थापना दिवस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। श्री सेठ ने मेडागास्कर के सशस्त्र बलों के मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिवेलो लाला मोन्जा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गति देने और विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा तथा क्षमता निर्माण में सहयोग को बढाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गयी। उन्होंने मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिशचियन एनत्से से भी मुलाकात की और मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उनको हार्दिक शुभकामनाएं दीं। रक्षा राज्य मंत्री अन्टाननरीवो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को देश के हाल के घटनाक्रमों और प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में चल रहे आर्थिक परिवर्तनकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। हिंद महासागर क्षेत्र में निकट पड़ोसी और सहयोगी विकासशील देशों के रूप में भारत तथा मेडागास्कर के बीच दीर्घकालिक मैत्री एवं लोगों के बीच मित्रवत संपर्क हैं। मेडागास्कर की विकास यात्रा में भारत एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा।

# आरक्षण विरोधी भाजपा को समानता पसंद नहीं: कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलतः पिछड़ा वर्ग, आरक्षण तथा संविधान विरोधी है इसलिए मध्य प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डॉ अनिल जयहिंद ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश की आधा आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है और सारे फैसले इस वर्ग को आरक्षण देने के पक्ष में है इसके बावजूद भाजपा सरकार इस वर्ग के लोगों को उनका अधिकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रुख दिखाता है कि वह न सिर्फ ओबीसी, आरक्षण और संविधान विरोधी है बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता भी पसंद ही नहीं है। भाजपा का यही असली चेहरा है। वह पिछड़ा विरोधी है, किसानों के खिलाफ है और संविधान को भी नहीं मानती। विधानसभा में पारित विधेयक पर न्यायालय का फैसला भी आ चुका है इसके बावजूद भाजपा सरकार उसे लागू ही नहीं कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मध्य प्रदेश में ओबीसी की 50 प्रतिशत आबादी है। पहली बार श्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1994 में 14 प्रतिशत आरक्षण दिया था और फिर 2003 में उन्होंने 27 प्रतिशत आरक्षण की पहल की गई है। उसके बाद लगातार भाजपा की सरकार रही है लेकिन उसने आरक्षण देने का प्रयास नहीं किया। अब भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा सबके सामने है और एक बार फिर साबित हो गया है कि भाजपा ओबीसी के ही हितों की ठगी करती है। कांग्रेस की सरकारों ने ओबीसी को आरक्षण देने का काम किया है और इसी का परिणाम है कि 1994 में इस समुदाय को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया गया और 2003 में कांग्रेस सरकार ने इसे बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि ओबीसी समुदाय से संबद्ध तीन मुख्यमंत्री उमा भारती, शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव ने इसे लागू नहीं किया। सवाल है कि जब विधानसभा ने इसे पारित कर दिया है, न्यायालय का आदेश भी आ गया है, राज्यपाल के भी इस पर हस्ताक्षर हो गये हैं तो इसे लागू करने में अब क्या परेशानी है। कांग्रेस ने सरकार ने तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग करते हुए कहा कि जिन छात्रों को छह साल से प्रताड़ित किया गया उन्हें नियुक्तियां देकर छह साल का वेतन दिया जाए और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें।

# बिहार में मतदाता पात्रता पुष्टि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरु : आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में सभी राजनीतिक दलों की पूर्ण भागीदारी के साथ प्रत्येक मतदाता की पात्रता की पुष्टि के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण सफलतापूर्वक शुरु कर दिया गाया है।

चुनाव आयोग ने शनिवार को बताया कि 98 हजार से अधिक बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) बिहार विधानसभा चुनावों में काम करेंगे जिनमें 77,895 पहले से ही नियुक्त हैं और नये मतदान केंद्रों के लिए करीब 20,603 और बीएलओ नियुक्त किए जा रहे हैं। इसके साथ ही,आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दलों ने भी 1,54,977 बूथ स्तरीय एजेंट-बीएलए नियुक्त कर लिए हैं और अभी उनकी तरफ से और नियुक्ति की जा सकती है। बिहार में मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं के लिए नये गणना फॉर्म की छपाई और घर-घर जाकर वितरण का काम राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हो चुका है। नये गणना फॉर्म को ऑनलाइन भरना पहले ही सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं में से, 4.96 करोड़ मतदाता, जिनके नाम 01.01.2003 को मतदाता सूची के अंतिम गहन पुनरीक्षण में पहले से ही हैं, उन्हें बस सत्यापन करना है, गणना प्रपत्र भरना है और उसे जमा करना है। आयोग ने बताया कि सभी संभागीय आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ को पूर्णकालिक रूप से नियुक्त कर रहे हैं। बिहार के 5,74,07,022 पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर भी एसएमएस भेजे जा रहे हैं।पुनरीक्षण से संबंधित गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अच्छी तह से आगे बढ़ रही हैं।

## इंदिरा गांधी ने बदला था, संविधान का मूल ढांचा : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपातकाल के दौरान एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि इससे साबित होता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ की थी और यह कांग्रेस के मुंह पर एक तमाचा है। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 25 जून 2025 को देश में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हुए हैं। वह 30 दिसंबर 1975 का 'टाइम्स ऑफ इंडिया' का अंक लेकर आये थे जिसमें छपा था कि 'श्रीमती इंदिरा गांधी संविधान का मूल ढांचा बदलना चाहती हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, आज जो हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं कि हम संविधान बदलना चाहते हैं। उनके मुंह पर यह 'एक तमाचा' है।' उन्होंने अखबार की इस रिपोर्ट के हवाले से कहा कि श्रीमती गांधी मानती थीं कि संविधान भारत के लोगों की वास्तविक भावना को प्रकट नहीं करता है और इसीलिए वह बदलाव करना चाहतीं थीं। श्रीमती गांधी ने वकीलों के एक कार्यक्रम में यह सवाल भी पूछा था कि क्या भारत का यह संविधान भारत के लोगों को वाकई में 'सर्व' करता है। उन्होंने इसका पता लगाने की भी बात कही थी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आपातकाल की कुप्रथा पर चर्चा इसलिए जरूरी है ताकि दोबारा दोहराने का दुस्साहस नहीं किया जा सके। कांग्रेस को आगे आकर भूल को स्वीकार करना चाहिए।

## 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहे हैं एमएसएमई

नयी दिल्ली। देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर उल्लेख करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं। उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख रुपये तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये की गई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

# पेज एक का शेष

### भारत के विचार,...

गुरुदेव के बताए रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। आज इस अवसर पर आपने मुझे 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता, लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है, उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता हैं। और इसीलिए, मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूँ, और माँ भारती के चरणों में समर्पित करता हूँ। श्री मोदी ने कहा कि आचार्य ने अपने साहित्य के जरिए और भजनों के माध्यम से प्राचीन प्राकृत भाषा का पुनरोद्धार किया। यह भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है। इसी भाषा में पूरा मूल 'जैन आगम' रचा गया। लेकिन संस्कृति की उपेक्षा करने वालों के कारण यह भाषा सामान्य प्रयोग से बाहर होने लगी थी। इसे देखते हुए सरकार ने आचार्य श्री जैसे संतों के प्रयासों को देश का प्रयास बनाया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में सरकार ने प्राकृत को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया। इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए सरकार प्राचीन पाण्डुलिपियों के डिजिटलीकरण का अभियान भी चला रही है। इसमें बहुत बड़ी संख्या में जैन धर्मग्रन्थों और आचार्यों से जुड़ी पांडुलिपियाँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार उच्च शिक्षा में भी मातृभाषा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि वह लालकिले से राष्ट्र के नाम संबोधन में कह चुके हैं हमें देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलानी है। हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर, हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों का, तीर्थस्थानों का भी विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में सरकार ने भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का व्यापक स्तर पर आयोजन किया था। सांस्कृतिक धरोहर और उसे अधिक समृद्ध बनाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम जरूरी हैं। इनके पीछे मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' है। श्री मोदी ने कहा कि आचार्य की प्रेरणा से आज देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है इसके लिए भारत की चेतना और संतों के अनुभवों को लेकर सरकार ने देश के लिए अमृतकाल का दृष्टिकोण सामने रखा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मतलब है हर देशवासी के सपने को पूरा करना। उन्होंने कहा , ल्ल आज 140 करोड़ देशवासी देश के अमृत संकल्पों को पूरा करते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। विकसित भारत के इस सपने का मतलब है- हर देशवासी के सपनों को पूरा करना! यही आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज जी ने हमें प्रेरणा दी है। उनके दिखाये प्रेरणापथ पर चलना, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करना, राष्ट्र निर्माण को अपने जीवन का पहला ध्येय बना लेना, ये हम सबकी ज़िम्मेदारी है। मुझे विश्वास है, आज इस पवित्र अवसर की ऊर्जा हमारे इन संकल्पों को सशक्त बनाएगी।

### भारत को अंतरिक्ष...

इच्छाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद। मैं यहाँ ठीक हूँ और सुरक्षित हूँ। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा न केवल मेरी है बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में, आज का भारत उनके सपनों को पूरा करने के लिए कई अवसर प्रदान करता है। मुझे यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा खाने पीने के बारे पूछे जाने पर ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, हां, मैंने गाजर का हलवा, मूंग की दाल का हलवा और आम रस खरीदे। मैं चाहता था कि अन्य देशों से मेरे साथ आने वाले सभी लोग समृद्ध भारतीय पाक कला का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ चखा और सभी ने इसे पसंद किया।ङ्क उन्होंने कहा, कुछ समय पहले, जब मैं खिड़की से बाहर देख रहा था, तो हम हवाई के ऊपर से उड़ान भर रहे थे। हम दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त को कक्षा से देखते हैं। हमारा देश बहुत बड़ी गति से आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के वातावरण के बारे में ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, ल्लयहां सब कुछ अलग है। हमने एक साल तक प्रशिक्षण लिया और मुझे विभिन्न प्रणालियों के बारे में पता चला... लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया... यहाँ, छोटी-छोटी चीज़ें भी अलग हैं क्योंकि अंतरिक्ष में कोई गुरुत्वाकर्षण नहीं है... यहाँ सोना एक बड़ी चुनौती है...। इस वातावरण की आदत पड़ने में थोड़ा समय लगता है। अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी के दृश्य की चर्चा करते हुए ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, ल्लपहला दृश्य पृथ्वी का था और पृथ्वी को बाहर से देखने के बाद, पहला विचार और पहली बात जो दिमाग में आई वह यह थी कि पृथ्वी पूरी तरह से एक दिखती है, बाहर से कोई सीमा दिखाई नहीं देती है। जब हमने पहली बार भारत को देखा, तो हमने देखा कि भारत वास्तव में बहुत भव्य दिखता है, बहुत बड़ा दिखता है, जो हम मानचित्र पर देखते हैं उससे बहुत बड़ा है। जब हम पृथ्वी को बाहर से देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि कोई सीमा मौजूद नहीं है, कोई राज्य मौजूद नहीं है, कोई देश मौजूद नहीं है। हम सभी मानवता का हिस्सा हैं, और पृथ्वी हमारा एक घर है, और हम सभी इसमें हैं। अपने अनुभवों के बारे में ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, मैं स्पंज की तरह सभी सबक और अनुभव अपने में समेट रहा हूं। मुझे विश्वास है कि ये सबक हमारे लिए अत्यधिक मूल्यवान होंगे और हम उन्हें आने वाले मिशनों में प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। मैं अपनी युवा पीढ़ी को जो संदेश देना चाहूंगा वह यह है कि भारत ने बहुत ही साहसिक और उच्च सपने देखे हैं और उन सपनों को पूरा करने के लिए हमें आप सभी की आवश्यकता है। सफलता का कोई एक ही रास्ता नहीं है, लेकिन एक बात जो हर रास्ते में आम है वह यह है कि आपको कभी भी कोशिश करना बंद नहीं करना चाहिए। यदि आप इस मूल मंत्र को अपनाते हैं, तो सफलता आज या कल आ सकती है, लेकिन यह निश्चित रूप से आएगी। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, मैं आपके और 140 करोड़ भारतीयों के साथ बातचीत करने के बाद बहुत भावुक और खुश महसूस कर रहा हूं। मुझे बहुत गर्व महसूस होता है जब भारत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गया है। मैंने पूरी यात्रा में बहुत कुछ सीखा है। यह पूरे देश की सामूहिक उपलब्धि है। मैं युवा पीढ़ी को संदेश देना चाहता हूं कि यदि आप कड़ी मेहनत करेंगे, तो राष्ट्र का भविष्य अच्छा होगा। आकाश कभी भी सीमा नहीं होता...। श्री मोदी ने कहा, अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए आपको बधाई, शुभकामनाएं। भारतीय वायुसेना में एक स्क्वाड्रन का नेतृत्व करने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय वायुसेना के पूर्व अधिकारी एवं प्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत इंटरकोसमोस के साथ तीन अप्रैल 1984 को सोयुज़ टी-11 में पृथ्वी के बाहर उड़ान भरी थी।

### संविधान की प्रस्तावना...

द्वारा संविधान की प्रस्तावना की व्याख्या का भी उल्लेख किया और कहा कि इस व्याख्या में यही कहा गया था कि संविधान की प्रस्तावना में इसके आदर्शों और आकांक्षाओं का सार होता है। यह केवल शब्द नहीं बल्कि उन उद्देश्यों को समाहित करती है जिन्हें संविधान हासिल करना चाहता है।

### 'कांटा लगा' फ़ेम...

ब्रदर्स वाले संगीत निर्देशक हरमीत सिंह से शादी की।यह शादी भी काफी चर्चित रही. लेकिन यह रिश्ता ज्यादा वक्त नहीं चला और 2009 में दोनों अलग हो गए। इसके बाद वर्ष 2014 में उन्होंने अभिनेता पराग त्यागी से शादी की। शेफाली ने 'नच बलिए 5' और 'नच बलिए 7' में अपने पति, अभिनेता पराग त्यागी के साथ हिस्सा लिया। वर्ष 2019 में शेफाली 'बिग बॉस 13' में बतौर प्रतिभागी नजर आईं, जहां उन्होंने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।शेफाली के अचानक निधन की खबर ने मनोरंजन इंडस्ट्री और उनके फैंस को गहरे सदमे में डाल दिया है। सोशल मीडिया पर लोग अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

### ईरान के परमाणु...

बुशहर संयंत्र के मामले में इसकी सीमाओं के पार रेडियोलॉजिकल दुर्घटना हो सकती थी। ऐसा नहीं हुआ, और इस तरह सबसे खराब परमाणु सुरक्षा परिदृश्य से बचा जा सका। उन्होंने जोर देकर कहा कि परमाणु ठिकानों पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल और अमेरिकी हमलों का स्थानीय स्तर पर रेडियोधर्मी प्रभाव हो सकता था लेकिन ऑफ-साइट विकिरण के स्तर में वृद्धि की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। श्री ग्रॉसी ने परमाणु एजेन्सी निरीक्षकों को ईरान में अपनी गतिविधियों को जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह अब अपने परमाणु प्रतिष्ठानों पर निगरानी कैमरे लगाने की अनुमति नहीं देगा। ईरान ने आईएईए से बाहर निकलने का फैसला पहले ही कर लिया है। वह इस संगठन में 1958 में शामिल हुआ था। ईरान की संसद के उपाध्यक्ष हामिद रजा हाजी बाबाई ने कहा है कि ईरान का यह फैसला इजरायली सरकार के दस्तावेजों में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील डेटा का पता चलने के बाद किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने कहा कि ईरान अपने क्षेत्र के भीतर यूरेनियम संवर्धन करने पर कायम है। अल-मॉनीटर के साथ एक साक्षात्कार में, इरावानी ने कहा कि परमाणु गतिविधियों के लिए एक संघ की स्थापना विकल्प हो सकता है लेकिन यह ईरान के घरेलू कार्यक्रम की जगह कभी नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि ईरान ने अपने शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी संभावित चिंताओं को दूर करने के लिए हमेशा शांतिपूर्ण समाधान की मांग की है।

### पाकिस्तान के खैबर...

यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को दी। इससे पहले आज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देश के प्रमुख भागों में व्यापक बारिश और तूफान आने की संभावना पर मौसम संबंधी चेतावनी जारी की थी। एजेंसी ने आम लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने, बिजली के खंभों और कमजोर अवसंरचना से दूर रहने की सलाह दी है। स्थानीय प्रशासन को संभावित नुकसान को न्यूनतम करने के लिए पूर्व-निवारक उपाय सुनिश्चित करने और आकस्मिक योजनाओं को सक्रिय करने का निर्देश दिया है।

### माफिया के सामने नाक...

लगे। उन्होंने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसने परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा दिया और करोड़ों लोगों को रोजगार मिला। वहीं, पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर बांटने वालों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' का मॉडल चलाया और कानून व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार व्यापारियों के हितों को संरक्षण देने और उनकी सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और प्रत्येक जनपद के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता इस दिन प्रदान की जाए। सीएम योगी ने व्यापारियों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर जिले में एक नदी के पुनरोद्धार और वृक्षारोपण का अभियान चल रहा है। व्यापारी और व्यापार मंडल इस अभियान से जुड़ें। नदियां सबको पानी देती हैं, पेड़ सबको छाया देते हैं। इनके संरक्षण के लिए हमें आगे आना होगा। मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि धन की तीन गति होती हैं- दान, भोग और नाश। दान देश, काल और पात्र को देखकर किया जाए तो वह पीढ़ियों को यशस्वी बनाता है। भामाशाह का दान सात्विक था, जिसने मेवाड़ को स्वाधीनता की राह दिखाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दानवीर भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही, समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को गदा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक डॉ नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, व्यापारी कल्याण बोर्ड यूपी के पूर्व अध्यक्ष रविकांत गर्ग, संदीप बंसल, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

# बिहार में 24 नवम्बर 2005 से कानून का राज है, राज्य सरकार लगातार विकास के काम में लगी है : नीतीश

■ बिहार पुलिस में महिला बल की सख्या 36 हजार, पूरे देश में सबसे अधिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बापू सभागार में 21,391 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र बांटा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, वर्ष 2005 को नयी सरकार बनी थी, तब से राज्य में कानून का राज है और राज्य सरकार लगातार विकास के काम में लगी हुई है। आज की बहाली के बाद बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या बढ़कर लगभग 36 हजार हो गयी है, जो देश के किसी भी राज्य से अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बनने के पहले पिछली सरकार में क्या स्थिति थी सभी लोग जानते हैं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। विधि-व्यवस्था का बुरा हाल था। 24 नवम्बर, 2005 को राज्य में नई सरकार बनने के समय बिहार पुलिस में कार्यरत बल की संख्या काफी कम थी। उस समय पुलिस में स्वीकृत बल की संख्या लगभग 51 हजार थी। इसके विरूद्ध मात्र 42 हजार 481 पुलिस कर्मी कार्यरत थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से कहना है कि राज्य में पुलिस बल की संख्या को और बढ़ाया जाये। इसके लिए वर्ष 2006 से ही पुलिस बल की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गयी। वर्ष 2013 में पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। वर्ष 2022 में राज्य में पुलिस बल की संख्या बढ़कर 1 लाख 10 हजार हो गयी। वर्ष 2023 में पुलिस सप्ताह कार्यक्रम में हमने राज्य में पुलिस बल की संख्या बढ़ाकर 2 लाख 29 हजार तय कर दिया। इसके बाद इन सभी पदों को भरने के लिए बिहार में पुलिस बहाली का काम तेजी से हो रहा है। 55 हजार पदों को गृह विभाग द्वारा प्रोन्नति दे कर भरा जा रहा है, जबकि 64 हजार पदों पर सीधी बहाली का काम तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा '' मुझे खुशी है कि 21 हजार 391 सिपाहियों की सीधी बहाली का काम पूरा हो गया है। अब इसके बाद 42 हजार 609 सिपाहियों की बहाली पर काम शुरू कर दिया गया है। इनमें से 19 हजार 838 पदों पर बहाली की लिखित परीक्षा अगले ही महीने जुलाई में हो रही है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आम महोत्सव, 2025 का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में आम महोत्सव, 2025 का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने आम महोत्सव के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए आम उत्पादकों द्वारा लगाए गए आम की विभिन्न प्रजातियों का बारीकी से अवलोकन किया और प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रजातियों के आमों के उत्पादन और विशिष्टता के बारे में उत्पादकों से जानकारी ली। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न तथा कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने आम का पौधा भेंटकर स्वागत किया। ज्ञान भवन में 28-29 जून को आम महोत्सव-2025 का भव्य आयोजन हो रहा है। राज्य के सभी जिलों से करीब 800 आम उत्पादकों के द्वारा 5 हजार प्रदर्शों के साथ प्रदर्शनी में भाग लिया गया है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 'आम खाओ और इनाम पाओ' सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। होनेवाली प्रतियोगिताओं में किसान और बच्चे भाग ले सकते हैं। विजेता प्रतिभागी को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस आम महोत्सव का मुख्य आकर्षण आम की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन है। इस महोत्सव में बिहार में मौजूद आमों की विविधता को भी देखा जा सकता है। यहां लगने वाली प्रदर्शनी में बिहार में पाये जाने वाले मालदह, जर्दालू, गुलाबखास, जर्दा बम्बई, लंगड़ा, दशहरी, कृष्णभोग, अल्फांसो, हुस्न-ए-आरा, बेनजीर, फजली, सीपिया आदि आमों को देखा जा सकता है। कृषि विभाग आम उत्पादन और संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से आम महोत्सव का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष के आयोजन का थीम है 'पुराने बागों का जीर्णोद्धार, भावी पीढ़ियों को उपहार'। राज्य सरकार के इस अनूठे प्रयास से न केवल आम उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि राज्य के बागवानी क्षेत्र में नवाचार और प्रगति को भी बढ़ावा मिलेगा। बिहार में आम का उत्पादन काफी बड़े पैमाने पर होता है। करीब 1.65 लाख हेक्टेयर में आम का उत्पदान किया जाता है। कृषि रोड मैप के लागू होने से वर्ष 2007-08 की तुलना में उत्पादन में करीब 82 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा ने विधानसभा में ली शपथ

**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना उपचुनाव में विजयी आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव अरोड़ा ने पंजाब विधानसभा की सदस्य पद की शपथ ग्रहण की। इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने कांग्रेस के उम्मीदवार भारत भूषण आशू को 10,637 वोट से हराया था। शनिवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब विधानसभा में स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने नवनिर्वाचित संजीव अरोड़ा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद विधायक संजीव अरोड़ा ने स्पीकर संधवा, प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा और मनीष सिसोदिया से हाथ मिलाकर अभिवादन किया। उपचुनाव में प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने संजीव अरोड़ा के जीतने पर उन्हें कैबिनेट में जगह देने की घोषणा की थी। पंजाब के मुख्यमंत्री पहले ही मंत्रिमंडल विस्तार का ऐलान कर चुके हैं। अगले सप्ताह पंजाब में नए मंत्री शपथ ले सकते हैं। पंजाब में एकमात्र रिक्त लुधियाना पश्चिमी विधानसभा सीट के 19 जून को मतदान हुआ था।

### पंजाब : भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे जेल विभाग के 25 कर्मचारी व अधिकारी निलंबित

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने जेलों में फैले भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करते हुए एक साथ 25 जेल अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी के बाद इस तरह की कार्रवाई का पहले ही संकेत दे दिया था। पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने तथा जेलों से अपराधिक गतिविधियों व नशीले पदार्थों के कारोबार को उत्साहित करने के आरोप में तीन डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, दो असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट समेत विभिन्न जेलों से जुड़े कुल 25 अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। दरअसल, कई जेलों से ड्रग्स की आपूर्ति, मोबाइल फोन की तस्करी, कैदियों को विशेष सुविधाएं देने और रिश्वतखोरी जैसे मामलों की रिपोर्ट सरकार को लगातार मिल रही थी। हाल ही में कुछ जेलों में की गई विजिट्स और जांच में इन आरोपों की पुष्टि हुई, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

### पूर्व विधायक सुरेश राठौर भाजपा से निष्काषित

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ज्वालापुर के पूर्व विधायक व वरिष्ठ नेता सुरेश राठौर को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्काषित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि शोशल मीडिया में उनके अमर्यादित आचरण को लेकर वायरल वीडियो का पार्टी संज्ञान लेकर उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया था। मनवीर चौहान ने कहा कि उनके ओर से दिए गए जवाब से संगठन संतुष्ट नही था। उन्हें लगातार पार्टी की मर्यादा एवं सामाजिक आचरण का उल्लंघन का दोषी पाया गया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर उन्हें 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्काषित कर दिया गया है।

### पार्ट–टाइम नौकरी के नाम पर फैशन डिज़ाइनिंग छात्रा से ठगी, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस टीम ने पार्ट–टाइम नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने तीन दिनों में 1800 किलोमीटर की दूरी तय कर हरियाणा और राजस्थान में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरोह, सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप के ज़रिए भोले–भाले लोगों को होटल–रेस्टोरेंट में रेटिंग जैसे कामों का झांसा देकर लाखों की ठगी करता था। पुलिस के मुताबिक फैशन डिज़ाइनिंग की पढ़ाई कर रही 32 वर्षीय छात्रा ने शिकायत दी थी कि उसे व्हाट्सएप पर पार्ट–टाइम जॉब का ऑफर मिला। जिसमें होटल और रेस्टोरेंट्स की रेटिंग देकर पैसे कमाने का लालच दिया गया। पहले छोटे–छोटे टास्क के बदले 50–100 भेजे गए, फिर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया और निवेश करवाया गया। छात्रा ने कुल 90,800 अलग–अलग ट्रांजैक्शनों में जमा किए। जब पैसा वापस नहीं मिला और लगातार नए भुगतान की मांग की गई, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के दौरान 100 मोबाइल नंबरों, बैंक खातों व मनी ट्रेल की गहराई से जांच की गई। इस बीच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोनीपत, हरियाणा से अंशुल कुमार (20) व संदीप (19) गिरफ्तार हुए। उनकी निशानदेही पर जोधपुर, राजस्थान से राजेंद्र उर्फ राजू (23) और रविंद्र बेड़ा उर्फ राकेश (20) को पकड़ा गया।

### उत्तराखंड पंचायत चुनाव : 12 जिलों में दो चरणों में मतदान, 2 जुलाई से नामांकन

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों के 89 ब्लॉक में दो चरणों में 24 और 28 जुलाई को मतदान होगा।राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से विस्तृत चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत चुनाव वाले सभी जिलों में 2 से 5 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। सुबह 8 से शाम 4 बजे तक पर्चे भरे जा सकेंगे। 7 से 9 जुलाई के बीच सुबह 8 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 10 और 11 जुलाई को सुबह 8 से अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। जिन ब्लॉकों में पहले चरण में 24 जुलाई को मतदान होना है, वहां प्रत्याशियों को 14 जुलाई को और दूसरे चक्र के मतदान वाले ब्लॉकों में 18 जुलाई को सुबह 8 बजे से चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिले के सभी ब्लॉकों, जबकि अन्य जिलों के चुननंदा ब्लॉकों में पहले चरण में 24 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोट पड़ेंगे। अन्य 10 जिलों के शेष ब्लॉकों में 28 जुलाई को मतदान होगा। मतगणना 31 जुलाई को सुबह 8 बजे से सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर होगी।

### मामूली कहासुनी में युवक की चाकू मारकर हत्या, नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। महज स्कूटी के छू जाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी के बाद 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान यश के रूप में हुई है, जो रानी गार्डन का रहने वाला था। यह घटना 27 जून की रात करीब 9:41 बजे सामने आई जब लक्ष्मी नगर स्थित एक अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक को चाकू लगने के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यश अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी स्कूटी एक नाबालिग को हल्के से छू गई।

## आईजीओटी प्रशिक्षण कर्मचारियों को बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को अपडेट करता है : मुख्य सचिव

■ मिशन कर्मयोगी, आईजीओटी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मिशन कर्मयोगी आईजीओटी के अंतर्गत नामित नोडल पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि मिशन कर्मयोगी और आईजीओटी प्लेटफॉर्म न केवल प्रशासनिक क्षमता को मजबूत करते हैं, बल्कि यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को लगातार अपडेट करता रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल बिहार के प्रशासन को उत्तरदायी, पारदर्शी और नवाचारी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। मुख्य सचिव मीना ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह सहभागिता और नेतृत्व निर्माण की प्रक्रिया को भी गति देती हैं। उन्होंने सभी उपस्थित प्रोत्साहकों से अपेक्षा जताई कि वे इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए अन्य कर्मचारियों को प्रेरित करें और मिशन कर्मयोगी की भावना को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाएं। मौके पर अपर मुख्य सचिव डॉबी राजेन्दर ने आईजीओटी प्लेटफॉर्म की तकनीकी क्षमताओं की सराहना की और कहा कि यह प्रणाली प्रशिक्षण को व्यक्ति-केंद्रित बनाकर प्रशासनिक सेवा को अधिक दक्ष और प्रभावी बनाएगी।कार्यशाला के अंत में सहभागियों ने भी अपनी प्रतिक्रिया साझा की और बताया कि यह कार्यक्रम उन्हें आईजीओटी पोर्टल के उपयोग, पाठ्यक्रमों की संरचना और सीखने की रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने में अत्यंत सहायक रहा। उल्लेखनीय है कि एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (आईजीओटी) प्लेटफॉर्म केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक दक्षताओं से लैस करना है। यह प्लेटफॉर्म सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर डिजिटल माध्यम से विषयवस्तु-आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है, जिससे वे अपनी भूमिका में और अधिक प्रभावी बन सकें।

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए का लक्ष्य दो सौ पार : शहनवाज हुसैन

भागलपुर। बिहार के भागलपुर में 29 जून को टाउन हॉल में विशाल तांती सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिन्हा, तार किशोर प्रसाद, लालमोहन गुप्ता सहित तांती समाज के सभी प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर समाज को साथ लेकर चलना है। आने वाले विधानसभा चुनाव में हर वर्ग को जोड़कर एनडीए को मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में 200 से अधिक सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही है। बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना एनडीए का पुराना विचार है। जिसे विपक्ष आज अपना बताकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहता है।

## सुरक्षा व्यवस्था के बीच फारबिसगंज नगर परिषद के पार्षद पद का उपचुनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 के पार्षद पद के उपचुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह है। सुबह से यही अपने नुमाइंदगी करने वाले पार्षद के लिए मतदाता कतारबद्ध होकर मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ चिकित्सकों के दल को एम्बुलेंस के साथ प्रतिनियुक्त किया गया है। हो रहे उपचुनाव में पार्षद पद के लिए दो उम्मीदवार हैं। जिसमें दोनों के बीच आमने सामने की टक्कर है। पूर्व पार्षद चुन्नी खातून पति कुद्दूस अंसारी और नगर परिषद के सशक्त स्थायी समिति सदस्य मो इस्लाम की पत्नी नजराना खातून के बीच आमने सामने की टक्कर है। वार्ड संख्या 15 में कुल 1285 मतदाता हैं,जिनमें 644 पुरुष और 641 महिला मतदाता हैं। मतदान केंद्र बाल मध्य विद्यालय परिसर में बनाया गया है, जहां अधिक मतदाता को लेकर दो उपकेंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया हो रही है।मतदान को लेकर पुरुष मतदाताओं के साथ महिला मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मताधिकार के प्रयोग को लेकर मतदाताओं के बीच प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदान केंद्र के बाहर कन्वींस करते नजर आए।मतदान केंद्र के बाहर खासी चहल पहल देखी जा रही है। निर्वाचित पदाधिकारी एसडीओ रंजीत कुमार रंजन ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से गणित सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रहा है।

## अशोक विहार से 18 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, 5 किन्नर भी शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता





नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले की विदेशी शाखा ने एक विशेष अभियान चलाकर अशोक विहार क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे से 18 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 ट्रांसजेंडर (किन्नर) भी शामिल हैं। यह लोग भीख मांगने के बहाने खुद को भारतीय महिला या ट्रांसजेंडर बता कर छुपे हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से 7 स्मार्टफोन भी बरामद किए गए हैं, जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था, जिसका उपयोग ये बांग्लादेश में अपने परिवारों से संपर्क के लिए कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक उत्तर-पश्चिम जिले में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं। इस ऑपरेशन का नेतृत्व इंस्पेक्टर विपिन कुमार ने किया। पुलिस अधिकारी के अनुसार पुलिस टीम ने अशोक विहार इलाके की लगभग 100 झुग्गियों और 150 गलियों की जांच की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। उससे मिली जानकारी के आधार पर 13 लोगों को पकड़ा गया, जिनमें पुरुष, महिलाएं और तीन छोटे बच्चे शामिल हैं। इन सभी के पास वैध यात्रा दस्तावेज, वीजा या परमिट नहीं थे।इसी क्रम में पुलिस ने इलाके में भीख मांगने वाले पांच ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पकड़ा। शुरुआती जांच में सामने आया कि इन लोगों ने खुद को महिला के रूप में प्रस्तुत करने के लिए मेकअप, महिलाओं के कपड़े, कृत्रिम बाल, आवाज बदलने की तकनीक व हार्मोनल उपचार जैसी चीजों का सहारा लिया था। पूछताछ में इन्होंने स्वीकार किया कि ये सब पहचान छिपाने और कार्रवाई से बचने के लिए किया गया था। इनसे भी मोबाइल फोन बरामद हुए जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप मौजूद था।

## मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की, माताजी के साथ किया पौधरोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी माताजी बिशना देवी के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से अपनी माताओं के नाम से एक पौधा लगाने की अपील की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सुपुत्र दिवाकर ने भी इस अवसर पर पौधा लगाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लमां जीवन की पहली गुरु होती हैं और पर्यावरण हमें जीवन देता है। मां और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे अपनी माताओं के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण स्वयं करें। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा और अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063